धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

12.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 182



12 विकसित भारत यात्रा के साथ जुड़ें युवा : राजनाथ

## न्यूज डायरी

### अलकायदा आतंकी से स्पेशल सेल की पूछताछ

**रांची।** लोहरदगा से पकड़े गये अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल पूछताछ कर रही है। शनिवार को तीन दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर ले कर दिल्ली पुलिस शाहबाज को अपने ले गयी। इससे पहले कड़ी सुरक्षा के बीच उसे लोहरदगा कोर्ट में पेश किया गया। शुक्रवार को शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया था। वह रांची के चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला है। लोहरदगा में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा था।

### दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का समय : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली विस चुनाव को ले कर शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। श्री शाह ने आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आमलोगों से कहा कि दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का समय आ गया है।

### राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना

**देवघर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## पिता शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बोले पुत्र सीएम हेमंत

# गुरुजी का ओहदा हर सम्मान से ऊपर

**आदिवासियों, गरीबों, पिछड़ों के वह असली रत्न हैं**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो पूर्व सीएम दिशोमगुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन मनाया गया। उनका जन्मदिन मनाने शनिवार सुबह से ही उनके मोरहाबादी स्थित सरकारी आवास पर आम और खास लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन समेत तमाम समर्थकों ने 81 पाउंड का केक काट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। सभी ने गुरुजी का पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी. चंपई सोरेन समेत तमाम नेताओं ने बधाई दी और गुरुजी की लंबी उम्र की कामना की। लोगों को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा, आज का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य के आंदोलनकारी आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आज जन्म दिवस है। आज वह 82 वर्ष के पड़ाव में कदम रख रहे हैं। वह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। हम लोग उनके सिपाही हैं। उनका कद देश के हर सम्मान से कहीं उंचा है।



### सीएम की मौजूदगी में कटा केक

सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में शिबू सोरेन ने केट काटा। मौके पर विधायक बसंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, मनोज पांडेय, मिथिलेश ठाकुर, सांसद महुआ माजी समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### तमाम नेताओं ने दी शुभकामना

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे लिए आदरणीय शिबू सोरेन जी का नाम ही काफी है। गरीब, आदिवासी, दलित-पिछड़ों के लिए एक बहुत बड़े रत्न हैं। संघर्षशील लोगों को लेकर नीति निर्धारक क्या मानते हैं, नहीं मानते हैं या उनका विषय है। हमें पता है कि हमारे झारखंडवासी, आदिवासी-मूलवासी जो सम्मान उनके प्रति रखते हैं, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसलिए देश के जो पदक हैं उनसे कहीं ऊपर का ओहदा आदरणीय दिशोम गुरु रखते हैं। मीडियाकर्मियों ने सीएम से पूछा था कि, क्या दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए।



# बंटे रहेंगे तो हमें अंजाम भुगतना ही होगा

**प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सीएम योगी ने रामलला की आरती उतारी, कहा**

**अयोध्या।** रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 13 जनवरी तक चलेगा। रामलला का दरबार फूलों से सजाया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मौक पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान रामलला की उतारी आरती, चरणों में शीश नवाया। कहा, हम चाकर रघुवीर के... जय श्री राम। योगी ने कहा, किन कारणों से हमारे पूज्य आराध्य अपमानित हो रहे थे। अगर हम बंटे रहेंगे तो इस बहन-बेटियों व धर्मस्थलों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। रामलला का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से अभिषेक किया। सोने और चांदी के तारों से बुने गये वस्त्र पहनाये गये।

**महान धरोहर : मोदी–** इस मौके पर पीएम मोदी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

# अपराधी राहुल तुरी को पुलिस ने मार गिराया

**संतोष सिंह की हत्या का था आरोपी, एक साथी गिरफ्तार**

**कुजू में एनकाउंटर**

➲ कई जिलों में आतंक का पर्याय था राहुल तुरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़/कुजू।** रामगढ़ और हजारीबाग जिले में आतंक का पर्याय बन चुके टीपीसी उग्रवादी संगठन के पूर्व सदस्य राहुल तूरी उर्फ आकाश को पुलिसने शनिवार दोपहर कुजू ओपी मुरपा मनरेगा पार्क के पास मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं उसके एक साथी आकाश करमाली को पुलिस ने धर दबोचा। चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार और मुकेश कुमार ने यह एनकाउंटर किया है। घटना के बाद रामगढ़ एसपी, हजारीबाग एसपी, हेडक्वॉर्टर डीएसपी, एसडीपीओ के साथ-साथ कई थानों के प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गये। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। पिछले दिनों राहुल तुरी ने विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर दी थी।

### रांची पुलिस का भी मोस्ट वांडेड था

राहुल तुरी रांची पुलिस का भी वांटेड था। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर राहुल ने आलोक गिरोह नाम का संगठन खड़ा कर लिया था। उसने रांची के बुढ़मू और खलारी इलाके में आगजनी और गोलीबारी की कई वारदातों को अंजाम दिया था।

### अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : संजीव



हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस कि संयुक्त कार्रवाई के दौरान इनकाउंटर में शनिवार को कुजू ओपी के मुरपा में कुख्यात अपराधी राहुल तुरी मारा गया। उत्तरी छोटानागपुर पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा की अपराधी तत्वों की समाप्ति के लिए हम कृतसंकल्प है और पुलिस लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की व्यवसायी बेहतर माहौल में कार्य कर सकें, ठेकेदारों को किसी प्रकार का भय हो हो, आम लोग बिना किसी भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें हम ऐसा माहौल बनाने में जुटे हैं। आम लोगों को भयमुक्त माहौल उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहे है। इसलिए आपराधिक तत्वों की समाप्ति आवश्यक है।



झारखंड में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय दंत सम्मेलन में बोले मंत्री

# राज्य की जनता को जल्द मिलेगा रिम्स-2 का उपहार : स्वास्थ्य मंत्री

## मुख्यमंत्री का सपना होगा साकार, स्वास्थ्य व्यवस्था में होंगे ऐतिहासिक बदलाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में पहली बार झासा दंत संवर्ग की ओर से शनिवार को राज्य स्तरीय एक दिवसीय दंत सम्मेलन का आयोजन आईएमए हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही उपस्थित थे। सम्मेलन में राज्यभर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से करीब 150 दंत चिकित्सा पदाधिकारी एवं 20 डेंटल हाइजेनिस्ट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आदिवासी लोकनृत्य और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माननीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना जल्द ही साकार होगा और राज्य की जनता को रिम्स-2 का उपहार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फरवरी के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। डॉ. अंसारी ने कहा कि वे स्वयं एक डॉक्टर हैं और अब मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसलिए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए उन्हें डॉक्टरों का पूरा सहयोग और समर्थन चाहिए।

मंत्री ने कहा कि हम झारखंड के हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दंत चिकित्सकों की भूमिका अहम है और उनकी सभी मांगों को प्राथमिकता दी जायेगी। सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन और भविष्य में विभागीय स्तर पर ऐसे आयोजनों के संकल्प के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने डॉ. अंसारी के नेतृत्व की सराहना की। इससे पूर्व झासा दंत संवर्ग ने 12 सूत्री मांग पत्र मंत्री एवं निदेशक प्रमुख को सौंपा। मंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

### सम्मेलन की मुख्य घोषणाएं

- डेंटल सेवाओं का उन्नयन: सभी सरकारी डेंटल सेटअप को आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।
- डॉक्टरों की सुरक्षा: ड्यूटी पर डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि डॉ. इरफान अंसारी डॉक्टरों की सुरक्षा पर खतरा कभी होने नहीं देगा।
- एनएचएम डेंटल सर्जनों का वेतन वृद्धि: एनएचएम के तहत कार्यरत डेंटल सर्जनों का वेतन बढ़ाया जाएगा।
- आयुष्मान भारत योजना में डेंटल सेवाएं: डेंटल प्रक्रियाओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा।
- नई भर्तियां और कैडर सृजन: डीएसीपी प्रावधान, एमडीएस विशेषज्ञ कैडर और डेंटल स्टाफ की नई भर्तियां की जाएंगी।
- 1,000 नए पीएचसीएस की स्थापना: इनमें डेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

# अफीम की खेती करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें : डीजीपी

कार्रवाई का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आयी कि राज्य के कई जिलों में अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पुलिस द्वारा अफीम की खेती को तो नष्ट कर दिया जा रहा है, इसके बावजूद खेती करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस की इस तरह की कार्रवाई पर डीजीपी एवं गृह सचिव ने अधिकारियों को खेती करनेवालों पर मामला दर्ज करने और कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य के कई जिलों में अफीम की खेती को नष्ट करने का लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सैकड़ों एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट भी किया जा चुका है, लेकिन व्यवसायिक स्तर पर अफीम की खेती करने वाले की गिरफ्तारी न के बराबर हो रही है। जिस वजह से अफीम की खेती करने वाले लोग दुबारा इस कार्य से जुड़ जाते हैं।

### खेती नष्ट करने के साथ-साथ गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश

डीजीपी ने संबंधित जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि खेती नष्ट करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज किया जाये। एफआईआर दर्ज करने के बाद व्यवसायिक स्तर पर खेती करने वाले की गिरफ्तारी हो, ताकि वह दोबारा खेती आरंभ नहीं कर सकें। यह भी कहा कि पूर्व में जिन इलाकों में अफीम की खेती हो चुकी है, वैसे इलाकों को चिह्नित कर इसका पूरा ब्योरा तैयार करें, ताकि एनसीबी के सहयोग से सेटेलाइट इमेज प्राप्त कर अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट किया जा सके।

# विधायकों की अनुशंसा पर बनेंगे पुल, आदेश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पुल निर्माण के लिए विधायकों की अनुशंसा ली जाएगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत उन पुलों का निर्माण किया जायेगा, जहां पुल के अभाव में आवागमन बाधित होता है। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गरीबों को पुल या सड़क के अभाव में परेशानी न हो। ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों को कहा है कि वे वैसे स्थानों की सूची बनाएं जहां नदी, नाला के दोनों ओर सड़क बन गई है पर पुल नहीं बना है। इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजें, ताकि समय पर डीपीआर तैयार कर स्वीकृति दी जा सके।

# सीएम से मिलीं जामा विधायक लुईस मरांडी



**रांची।** जामा विधायक लुईस मरांडी ने शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा, झारखंड के लिए मांगी खुशहाली



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# झारखंड में खनन पट्टों की जल्द होगी समीक्षा, अवैध खनन पर होगी वसूली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यभर के खनन पट्टों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। यह देखा जाएगा कि खनन पट्टा के निबंधन पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क सही तरीके से लिया गया है या नहीं। अगर नहीं, तो संबंधित खनन पट्टा मालिकों से मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क वसूला जाएगा। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है और नियमानुसार ऐसे खनन पट्टों की समीक्षा कर वसूली का निर्देश दिया है।

इधर आइजी रजिस्ट्रेशन ने भी सभी जिलों के डीसी और जिला निबंधक को पत्र लिखा है। इस मसले पर महाधिवक्ता ने भी मंतव्य दिया है कि खनन पट्टा के निबंधन के क्रम में भारतीय मुद्रांक अधिनियम की धारा 47-ए में विहित प्रकिया के अनुसार वसूली किया जाना चाहिए। महाधिवक्ता के राय के बाद विभाग ने सभी जिला अवर निबंधक, अवर निबंधक एवं जिला खनन पदाधिकारी को अवगत कराया है।

# डॉ जंग बहादुर पांडेय को हिंदी रत्न सम्मान

**रांची।** विश्व हिंदी दिवस पर देशभर के 20 हिंदी साहित्यकारों को उनकी हिंदी सेवा के लिए बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा 'हिंदी रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय को हिंदी भाषा और साहित्य के विकास में अप्रतिम योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ पाण्डेय ने कहा कि यह भारत की भारती (हिंदी) का सम्मान है और अभी बहुत कुछ करना शेष है। कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य डॉ. अजित कुमार सिन्हा, डॉ एसपी अग्रवाल, डॉ रामजी यादव, डॉ नागेश्वर सिंह,डा के एन राय कमलेश, डॉ जय प्रकाश राय, डॉ बासुदेव प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश डॉ प्रशांत गौरव तथा ने उन्हें बधाई दी है।

# किसानों के लिए सफल योजनाओं का बढ़ेगा बजट व असफल योजनाएं होंगी ड्रॉप : शिल्पी नेहा तिर्की

- वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर नेपाल हाउस में विभागीय परिचर्चा
- योजना के लिए आवंटित राशि का शत प्रतिशत करना है सदुपयोग
- लापुंग में बीज वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। नेपाल हाउस में बजट पर आयोजित परिचर्चा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही योजनाओं पर विशेष फोकस करने को कहा है। विभाग किसानों के लिए हितकारी और कल्याणकारी योजना का बजट राशि बढ़ाने का काम करेगा, जबकि वैसी योजना जिसका किसानों को बहुत कम लाभ मिला पाया है या जो योजना किसानों के लिए हितकारी साबित नहीं हुई। वैसी सभी योजना का बजट कम करने या उसे ड्रॉप करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बजट परिचर्चा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिया है।

**कर्मचारी और अधिकारी योजना की सफलता के लिए गंभीर रहें :** मंत्री ने अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि योजना के लिए आवंटित बजट राशि का शत प्रतिशत सदुपयोग करना है। किसी भी हालात में बजट राशि योजना के धरातल पर नहीं उतरने की वजह से लंबित न हो। इसके लिए जरूरी है कि विभाग के फील्ड कर्मचारी और अधिकारी योजना की सफलता के लिए गंभीर रहें। लाभुकों को विभाग की ज्यादा से ज्यादा योजन का लाभ कैसे मिले ये हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में बीज की उपलब्धता से लेकर बीज वितरण पर विभाग का सबसे ज्यादा जोर रहेगा। विभाग ने 10 बीज ग्राम को स्थापित करने का निर्णय लिया है।

**बीज वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में बीज वितरण में गड़बड़ी की जांच कराने की बात कही है। बताते चलें कि बीज वितरण को लेकर समीक्षा के दौरान जब लाभुक से इसकी जानकारी ली गयी, तो विभागीय दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा फर्क था। कई लाभुक किसानों ने बीज नहीं मिलने की शिकायत भी विभाग से की है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने आगामी बजट को लेकर योजनावार राशि के निर्धारण के लिए लाभुकों की संख्या और योजना की सफलता की रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है।

# इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 जनवरी को सुनवाई होगी। इरफान अंसारी ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची की तस्वीर वायरल करने के मामले में इरफान अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। निचली अदालत ने इस मामले में संज्ञान लिया है और एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है। इरफान अंसारी ने मामला रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में इरफान अंसारी की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट गए थे। इरफान पर आरोप है कि वर्ष 2018 में एक चार साल की बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। बच्ची का समुचित इलाज को लेकर विधायक इरफान अंसारी बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान पीड़ित बच्ची की एक फोटो खींची गई थी, वह फोटो वायरल हुई थी। संबंधित फोटो से बच्ची की पहचान उजागर हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था। आरोप है कि इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची की फोटो वायरल हुई थी।

साक्षात्कार

झारखंड के वित्त मंत्री से बजट पर खबर मन्त्र लाइव की खास बातचीत

# विकासोन्मुखी होगा राज्य का बजट : वित्त मंत्री

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही झारखंड की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत
- पैसे की कोई कमी नहीं, मंईयां सम्मान के लिए भी है पर्याप्त राशि
- 15 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व का लक्ष्य, जनता पर नहीं पड़ेगा बोझ
- केंद्र से 1 लाख 36 हजार करोड़ भीख नहीं मांग रहे, यह झारखंड का हक
- ट्राइबल विवि, मेडिकल कॉलेज और कृषि विवि स्थापित करने की इच्छा
- अगर केंद्र लटाकाने वाला दृष्टिकोण रखेगा, तो कानून का लेंगे सहारा



**रांची।** आगामी 24 फरवरी से झारखण्ड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है जो 27 मार्च तक चलेगा। वित्तीय संकट कितना बड़ा है, गैर योजना मद में बढ़ता सरकार पर बोझ कितना परेशान करेगा और बजटीय प्रावधानों की श्रृंखला में कौन से नये समीकरण बनाये जायेंगे? उम्मीदों के बजट को धरातल पर उतारने के लिए सरकार की क्या योजना है? ऐसे ही वित्तीय लेखा-जोखा और वित्तीय प्रबंधन के साथ राजस्व संग्रहण के मुद्दे पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से बात की हमारे खबर मन्त्र लाइव के प्रधान संपादक राजेश सिंह ने। **प्रस्तुत है वित्त मंत्री से बातचीत के मुख्य अंश :**

**सवाल:** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। इसबार का बजट कैसा होगा?

**जवाब:** इसबार का बजट काफी प्रैक्टिल बजट होगा, व्यवहारिक होगा। सभी जाति और धर्म के आर्थिक और सामाजिक उत्थान का बजट होगा। 2025-26 का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आर्थिक समृद्धि देने वाला बजट होगा।

**सवाल:** हेमंत सोरेन की पूर्व की सरकार का फोकस ग्रामीण विकास पर ज्यादा था, क्या इसबार भी ऐसा ही कुछ होने वाला है?

**जवाब:** बिल्कुल ऐसा ही होगा। झारखंड में 70-80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में निवास करती है और कृषि पर निर्भर हैं। चाहे वह कृषक हों अथवा उसपर आधारित मजदूर। दूसरे शब्दों में कहें कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाये जायेंगे उससे पूरे झारखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। हमारा फोकस रहेगा कि रूरल एरिया में इकोनोमी को हम कैसे स्ट्रांग करें।

**सवाल:** आर्थिक उन्नति के लिए सबसे ज्यादा पैसों की जरूरत होती है। वर्तमान में राज्य पैसों की कमी से जूझ रहा है। मंईयां योजना का दबाव भी है। छात्रवृत्ति योजना उसके बाद पेंशन जैसी योजनाओं पर अच्छी खासी रकम खर्च होनी है। इसको कैसे मैनेज करेंगे?

**जवाब:** देखिये, पैसे की कोई कमी नहीं है। अगर हम चालू वित्त वर्ष की बात करें और इसी को उदाहरण के रूप में सामने रखेंगे तो 2024-25 को जो हमारा बजट एक लाख 28 हजार करोड़ का है और इस बजट में स्कीम के शीर्ष पर लगभग 80 हजार करोड़ का बजट है। वहीं मंईयां सम्मान योजना पर जो पैसा खर्च होने वाला है, उसके व्यय के लिए शीर्ष 80 हजार करोड़ के बजट से ही उसका प्रावधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की इच्छा है और इंडी गठबंधन सरकार चाहती है कि राज्य के हर चेहरे पर खुशहाली आये। जाहिर है कि हम कोई योजना निर्धारित करते हैं अथवा कोई भी सरकार काम करना चाहती है तो उसके लिए धनराशि की जरूरत पड़ती है। मैं इस बात को एक वित्त मंत्री होने के नाते यह स्वीकार करता हूं कि जो अगला बजट होगा उसके लिए हमें अतिरिक्त धनराशि की जरूरत पड़ेगी। सरकार के मन में एक संकल्प है कि हम अपने राजस्व को कैसे और ज्यादा बढ़ा सकें। और यह डगर मुश्किल जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं है। हमलोगों ने इसके लिए एक रोडमैप तैयार किया है। राजस्व वृद्धि कैसे की जायेगी इसे लेकर विभाग काम कर रहा है।

**सवाल:** जैसी जानकारी है उसके मुताबिक सरकार पर एक लाख करोड़ का कर्ज भी है वहीं दूसरी बात यह है कि केन्द्र पर राज्य सरकार एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये का दावा कर रही है तो यह कर्ज कैसे चुकायेंगे और केन्द्र पर बकाये को लेकर क्या रणनीति तैयार की जा रही है?

**जवाब:** कर्ज तो है, लेकिन सिर्फ झारखंड ही नहीं देश के तमाम राज्य अपने आर्थिक विकास के लिए बाजार से ऋण लेते हैं। हमारे उपर जो कर्ज है वह एक लिमिट में है। इसके लिए चिंता की कोई बात नहीं है। ऋण चुकाने की जो प्रक्रिया है, उसे भी चुकायेंगे।

**सवाल:** एक लाख 36 हजार करोड़ का जो मामला है, उसपर क्या कहना है?

**जवाब:** एक लाख 36 हजार करोड़ वाला मामला है उसे इस रूप में आपके सामने पेश करना चाहते हैं कि हम केंद्र सरकार से कोई भीख नहीं मांग रहे हैं बल्कि यह बकाया राशि है केंद्र को राज्य का बकाया पैसा झारखंड को देना ही होगा। सरकार के पास उन तथ्यों के प्रमाण है। अब सीसीएल दे या बीसीसीएल दे। जो जमीनें हमसे ली है उसका जब असेसमेंट हुआ तो उनके अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और सहमति है कि इतनी जमीन दी गई है तो उसके मुआवजे के तो हकदार हम हैं ही। अब ये देखिये कि पॉलिटिकल एथिक्स क्या कहता है? स्टेट और केन्द्र सरकार के बीच का एक संबंध होता है। अगर यह देनदारी है, तो आपको देना चाहिये। इसका राजनीतिक कारण नहीं हो सकता है।

**सवाल:** आपके पास सब दस्तोवज है, जब हिसाब साफ है तो झारखंड को बकाया राशि दे देनी चाहिये?

**जवाब:** ये बात तो केन्द्र सरकार से पूछिये। जिस राजनीतिक सूचिता की बात हमने की है, वह तो यही कहती है कि आप सभी राज्यों को एक नजर से देखिये। अगर आपका दृष्टिकोण यह है कि जिस राज्य में आपकी सरकार नहीं है, उस राज्य को सहयोग नहीं करेंगे जिसकी जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की है, तो पॉलिटिकल एथिक्स समाप्त हो जायेगा और लोकतंत्र कमजोर होगा। दूसरी बात यह है कि झारखंड को पता है कि पैसा कैसे निकाला जाता है। 2022 में तत्कालीन मुख्य सचिव ने केन्द्र को बकाये को लेकर पत्र लिखा और बताया कि पैसा बाकी है। अगर केन्द्र को आपत्ति थी तो केन्द्र पत्र का जवाब देकर बता सकती थी कि कोई भी बकाया नहीं है। केन्द्र सरकार चुप बैठी रही। 2023 में हमारे मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा उस पत्र का भी भारत सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया। हम तो यह मानकर चल रहे हैं कि भारत सरकार इस प्रश्न पर मौन है इसका मतलब साफ है कि वह स्वीकार कर रही है कि झारखंड की राशि बकाया है।

**सवाल:** इसके बाद भी अगर पैसा नहीं मिलता है, तो क्या विकल्प होगा आपके सामने?

**जवाब:** केन्द्र सरकार के प्रतिष्ठान और संस्थान हैं, उसका हिसाब तो हमने केन्द्र को दे दिया है और बता दिया है इस हेड में आपकी देनदारी बनती है। इसके अलावा ऐसे संस्थान जो चिन्हित नहीं हुए हैं, उन्हें भी चिन्हित कर उनपर बकाया राशि का क्लैम किया जायेगा।

**सवाल:** आपने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बजट में फोकस रहेगा। शैक्षणिक संस्थान की स्थापना, नये मेडिकल कॉलेज आदि का बजट में क्या होगा?

**जवाब:** देखिये, हम बजट में प्रावधान कर दें और केन्द्रीय अनुदान की राशि हमें समय पर नहीं मिले, तो मुश्किल तो होगी ही। लेकिन हमारा बकाया अगर केन्द्र दे देता है तो उस राशि से बहुत सारी योजनाओं को लागू करने में आसानी होगी। हेमंत सोरेन की सरकार चाहती है कि ट्राइबल एरिया में हम एक मेडिकल कॉलेज खोलें। खूंटी से लेकर गुमला के बीच में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो, ताकि आदिवासी सहित अन्य वर्गों को स्वास्थ्य सुविधायें दी जा सके। पलामू जहां हमेशा सुखाड़ की स्थिति रहती है और किसान बुरी तरह से प्रभावित होते रहे हैं। उस क्षेत्र में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो। हमारा राज्य जनजाति बहुल्य राज्य है इसलिये सरकार चाहती है कि यहां एक ट्राईबल यूनिवर्सिटी बने। इसी तरह से बहुत सी योजनाएं हैं जिससे राज्य को आगे की ओर ले जाया जा सकता है और यहां के रहने वाले लोगों की सामाजिक आर्थिक दशा को सुधार कर सकते हैं। इन सभी कार्यों में केन्द्र सरकार के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

**सवाल:** केन्द्रीय मंत्री ने कमेटी की बात की। इसका मतलब बकाया राशि मिलने में देरी हो सकती है अथवा मामला लटक सकता है। ऐसे में क्या विकल्प होगा आपके पास?

**जवाब:** देखिये, ये पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी सिस्टम हमारे देश में है। हम अगर गलत करते हैं तो तो वैसे राजनीतिक संगठनों का जनता ही हिसाब करती है। अगर केन्द्र सरकार का दृष्किोण लटकाने वाला रहा तो एक लीगल प्रोविजन भी है, जहां हम एप्रोच कर सकते हैं और वहां भी जायेंगे। लेकिन अन्ततः फैसला तो जनता ही करेगी।

**सवाल:** पिछली सरकारों ने कृषि उत्थान के प्रयास तो किये, लेकिन सफल नहीं हो पाये। उसकी क्या वजह रही है? इसबार के बजट में कृषि पर क्या कुछ नया हैं?

**जवाब:** देखिये, हमारी क्या योजना है, योजनाओं का क्या ब्लू प्रिंट है और रोडमैप क्या है? से पता चल जायेगा। किसानों को भी कहना चाहता हूं कि कृषि के दूसरे विकल्पों जैसे हॉर्टीकल्चर, मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने की जरूरत है फिशरीज है, जो एलायड एग्रो सेक्टर है जैसे सेक्टरों को हमें स्ट्रांग बनाना पड़ेगा। बारिश के बिना हम खरीफ और रबी की पैदावार नहीं कर पाते हैं ऐसे में नई संभावनाओं को तलाशना होगा। लोगों का माइंडसेट भी बदलना होगा ताकि वह सिर्फ धान की खेती ही न करें बल्कि फलदायक वृक्ष लगायें साथ ही मल्टीक्रॉप का विकल्प तैयार करें।

# 13 को लोहड़ी, 14 जनवरी को मनेगी मकर संक्रांति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोहड़ी का पर्व 13 जनवारी को मनाया जायेगा। ये त्योहार मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। लोहड़ी का पर्व मुख्य रूप से सिख समुदाय के लोग बेहद उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दौरान अग्नि में तिल, रेवड़ी, गुड़ और गजक आदि चीजें डालते हैं। इस दिन रबी की फसल को भी आग में समर्पित किया जाता है।

पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाया जायेगा। 14 जनवरी मंगलवार को दोपहर 3:36 बजे सूर्य कुम्भ राशि से मकर राशि पर प्रवेश कर रहा है, इसलिए 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति होगा। इस दिन स्नान दान का पुण्य काल है। पूर्ण महाकुंभ मेला का शुभारंभ भी इस दिन से होगा। आगामी 26 फरवरी फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी बुधवार तक चलेगा, 14 जनवरी से खरमास का समाप्ति हो जायेगी। इसी दिन से विवाह आदि का शुभ काल मुहूर्त का शुभारंभ हो जाएगा।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिकोत्सव मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वार्षिक उत्सव का आयोजन शिव मंदिर हेसाग में किया गया। अयोध्या स्थित श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मंदिरों से लेकर घरों में रामभक्तों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दीप जलाकर खुशियां मनायी गयी। हिंदू संगठन और विश्व हिंदू परिषद की ओर से सनातन धर्मावलंबियों से श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव के साथ अपने घरों में भगवा झंडा लहराने का आह्वान किया गया है। इस प्राण प्रतिष्ठा में सैकड़ों महिलाएं ड्रेस कोड नारंगी और पीली साड़ी में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुई। शाम 3 बजे से 5 तक भजन कीर्तन और शाम 5 बजे से 6 बजे तक महाआरती और 6 बजे से भोग का वितरण किया गया।

## रांची डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ किया रवाना

# आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है छोटी-छोटी सावधानी : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसके तहत रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय ब्लॉक-ए परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ रांची जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों और गांवों में जाकर आमजनों व छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा। मौके पर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, ट्रैफिक एसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार और सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे।



**86 प्रतिशत मृत्यु दो पहिया वाहनों से हो रही :** डीसी ने मौके पर कहा कि जागरूकता रथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जायेगा और लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि आज बढ़ती आबादी और शहरीकरण में सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि हो जाती है। आज सड़कों में वाहनों की संख्या बढ़ गयी है। दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। खासकर 86 प्रतिशत मृत्यु दो पहिया वाहनों से हो रही है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत लोगों की जान कार में सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण हो रही है।

डीसी ने लोगों से अपील की कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगायें और चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगायें। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है। साथ ही डीसी ने कहा कि किसी घायल व्यक्ति को गोल्डन समय पर अस्पताल पहुचाएं, ताकि उसकी जान बचा सके। डीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने पालतू जानवरों को सड़क पर छोड़ देते हैं। सड़क पर ही धान सुखाते हैं, जिस कारण सड़क संकरी हो जाती है। इससे दुर्घटना होती है।

# आरयू के पत्रकारिता विभाग में मास्टर क्लास आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में शनिवार को मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। मास्टर क्लास में पत्रकारिता को निखारने के विषय पर जानकारी दी गयी। मुख्य वक्ता ने छात्रों से कहा कि आपकी अच्छी और शुद्ध लेखनी ही आपको प्रभावी बनाती है। सलाह दी कि डिजिटल युग में आप हिंदी में टाइप करना और तकनीकी रूप से दक्षता जरूर हासिल करें। खबर हर जगह है, उसे तलाशना पत्रकारों का काम होता है। खबरों को खोजना, मानवीय मूल्यों के साथ उसे परोसना और प्रभावी तरीके से पाठकों तक पहुंचाना पत्रकारिता की कला है। उन्होंने कहा कि युवा पत्रकार अपनी लेखनी, समाचार सूत्र और विश्वसनीयता को निखारें। पत्रकारों को अपने राज्य, जिलों की सभी जानकारियों से अवश्य अवगत रहना चाहिये।



**पत्रकार का पहला धर्म वंचितों, शोषितों, जरूरतमंदों की आवाज बनना :** विधायिका, ब्यूरोक्रेसी, राजनीतिक पार्टियां, जनप्रतिनिधियों के बारे में मौलिक जानकारी प्राप्त करें। एक पत्रकार का पहला धर्म वंचितों, शोषितों, जरूरतमंदों की आवाज बनना है। आप बिना भय या विवाद के भी सही मुद्दों को उठा सकते हैं। छात्रों द्वारा वर्तमान समय में अच्छी पत्रकारिता करने के लिए बहुत सारे सवाल पूछे गये, जिसका जवाब उन्हें दिया गया। मास्टर क्लास में निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा, सन्नी शरद, शिक्षक मनोज कुमार शर्मा और संतोष उरांव थे।

# मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना व आरडीएसएस स्कीम को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना एवं आरडीएसएस से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न अनुमण्डल के संबधित विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं योजना अंतर्गत कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पदाधिकारियों से उनके संबंधित अनुमण्डल में योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली गयी। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखण्ड योजना के अंतर्गत उपायुक्त द्वारा जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बचे हुए गांवों एवं टोलों में निर्धारित समय सीमा में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आरडीएसएस स्कीम के तहत खुले बिजली तारों को एबी केबल से बदलने, स्मार्ट मीटर लगाने आदि कार्यों में भी उपायुक्त द्वारा तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## खबर एक नजर में

### हटिया विस्थापित परिवार आज करेंगे विरोध प्रदर्शन

**रांची।** हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीण होटल ताज के विरोध में प्रस्तावित स्थल पर अपने हक और अधिकार को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम रविवार को 12 बजे दिन में प्रारंभ होगा। इस आशय की जानकारी हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने दी।

### यूथ करेज ने कम्बल का वितरण किया



**रांची।** बढ़ती ठंड को देखते हुए यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण शनिवार को किया। मौके पर ट्रस्ट के नौशाद खान ने कहा की हमे ऐसे जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचानी चाहिए ताकि ठंड से किसी की जान ना जाए। मौके पर नौशाद, मोदस्सिर, मोजम्मिल, ओसामा, वसीम साहिल आदि उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने मनाया अपना जन्मदिन



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 67वां जन्मदिन शनिवार को संत मिखाईल ब्लाईंड स्कूल बहुबाजार के छात्रों के साथ मनाया। नेत्रहीन बच्चों ने बाबूलाल मरांडी को गीत गाकर जन्मदिन की बधाई दी और उनके लम्बी और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर नेता संतोष कुमार, आलोक कुमार, गुजा तिर्की, रतनलाल, रूपेश कुमार केशरी, रमेश कुमार, कलेश्वर साहू, धनेश्वर अहिर और संत मिखाईल ब्लाइंड स्कूल के वार्डन राजकुमार नागवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### दवा संस्था ने रिम्स परिसर में बांटी खिचड़ी



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने नये साल में शनिवार को चैरिटी कार्यक्रम रिम्स परिसर बरियातू में खिचड़ी वितरण कर किया। मौके पर दवा क ओर से बड़े स्तर पर जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी बांटी गयी। कार्यक्रम में चेयरपर्सन विनीता शरण, को-चेयरपर्सन एंड फाउंडर झूमा सरकार, अध्यक्ष आरती सिंह, सचिव अंजू सिंह, रश्मि सिंहा, रुखसाना बानो, बिंदु प्रसाद, श्रीला चौधरी, मधु गुप्ता, दीपा चौहान, नीलम शेखर, विभा सिंह, सुप्रिया ठाकुर, श्वेता रंजन, पल्लवी शरण, निर्मला गड़ोदिया , रेखा मिश्रा, अमृत वैद्या, तरुणा छाबड़ा, देवयानी सान्याल रंजना जैन उपस्थित थीं।

### शिबू सोरेन को भारत रत्न मिले : प्रदेश राजद

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद की ओर से झारखंड राज्य निर्माण के अगुआ आंदोलनरत्न पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर बधाई दी गयी। मौके पर प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि शिबू सोरेन एक संघर्षशील एवं लक्ष्यभेदी व्यक्तित्व के जननेता है। उन्होंने हमेशा दबे, कुचले, दलित, आदिवासी गरीब लोगों के लिए वर्तमान तक सदैव आवाज उठाते रहे हैं। साहूकारों के अन्याय और जुल्म के खिलाफ अपनी राजनीतिक जीवन का शुरूआत करने वाले और राज्य का निर्माण तक गुरुजी का संघर्ष ऐतिहासिक रहा है। गुरुजी राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री तक आसीन रहें, इनका योगदान और त्याग का रास्ता महात्मा गांधी, बाबा साहब अम्बेडकर, कपूरी ठाकुर जैसे नेताओं के मार्ग पर रहा है। इस स्थिति में शिबू सोरेन को प्रदेश राजद की ओर से राष्ट्रपति/केंद्र सरकार से भारत रत्न देने की मांग करता है।

# डीसी ने गुरुजी शिबू सोरेन को बधाई दी



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन के अवसर में उनके आवास में जा कर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रार्थना करते हुए कहा की ईश्वर उन्हें हमेशा खुश और स्वस्थ रखें।

# शिबू सोरेन के जन्मदिन पर फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर शनिवार को झारखंड छात्र मोर्चा ने मीरव ट्रस्ट के सहयोग से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन मोराबादी स्थित गुरुजी आवास के सामने किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी चिकित्सा जांच करायी। कैम्प का शुभारंभ जेएमएम रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने चेकअप कराकर किया। कैंप का समापन जेएमएम केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने स्वास्थ्य चेकअप कराकर किया। मेडिकल कैंप लगाने पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने छात्र मोर्चा के पदाधिकारियों एवं मेडिकल टीम की सराहना की। कैम्प में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने लोगों को हेल्थ के प्रति जागरूकता पर खुशी जाहिर की।

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने शिबू सोरेन से की मुलाकात, जन्मदिन की दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम रघुवर दास ने शनिवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए रघुवर दास ने कहा कि दिशोम गुरु, शिबू सोरेन जी से मिलकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही चाची रूपी सोरेन जी से आशीर्वाद लिया। बाबा बैद्यनाथ से दोनों की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना की। शिबू सोरेन के संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के लिए तब लालू प्रसाद यादव से लोहा लिया।



**पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता व अजय सिंह भी मिले :** इस अवसर पर सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और रांची जिला सह राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय कुमार सिंह ने श्री सोरेन को स्वस्थ और दीर्घायु रहने की कामना की।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की उपस्थिति मे झामुमो जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति द्वारा मोराबादी रांची स्थित उनके आवास मे 81 पाउंड का केक काटा गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मंत्री, विधायक और पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पांडेय एवं अन्य शामिल हुए।



इस अवसर पर पवन जेडीया, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, डॉ हेमलाल मेहता, आदिल इमाम, जुल्फीकार खान, धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, महताब अंसारी, प्रदीप मिर्धा, अंशु लकड़ा, अमन तिवारी, असद फेराज टिंकू, मनीष राणा, झब्बूलाल महतो, सज्जाद अंसारी, महावीर विश्वकर्मा, रामशरण विश्वकर्मा तिर्की, रमेश साहू, तालकेश्वर महतो, अफरोज आलम, बबलू राम, विश्वजीत भट्टाचार्य, कैथरीना तिर्की, आफताब आलम, जीत गुप्ता, अरुण वर्मा, नवीन चंचल, अजीत नायक, अवधेश यादव, निखिल, राकेश, आयुष वर्मा, रातु प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, जावेद अख्तर अंसारी, रौशन एनामुल तिग्गा, इरफान खान, कासिफ रजा, रमजान रजा, आरिज खान, साजिद कौसर, गुलफ़्सा शामी शामिल हुए।

# शिबू सोरेन के जन्म दिन पर महताब अंसारी ने कंबल का वितरण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेएमएम नेता महताब अंसारी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। इसके साथ ही रिम्स में मरीजों के बीच कंबल बांटा। इसमें मुख्य रूप से रांची के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी, परवेज गुड्डु, महताब अंसारी, अंशु लकड़ा, आदिल इमाम, राजेश कुमार, राकेश कुमार शामिल थे।



## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड का प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन शुरू

# समर्पित भाव से राष्ट्र और संगठन के लिए काम करें : जनरल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में शनिवार को गुरूनानक स्कूल सभागार में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के लगभग 10 जिलों के 800 पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी के चतुर्वेदी, पी वी एस एम ए वी एस एम, एस एम (वी) एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाईस मार्शल एच पी सिंह, वीर चक्र, वी एस एम (वी) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सभा ने राष्ट्रीय गीत गा कर मां भारती को वंदन किया। सैन्य मातृशक्ति ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीप अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी के चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक ऐसा संगठन है, जो देश की सुरक्षा के साथ राष्ट्र को भी संवार रहा है। सेवा, साहस और सम्मान हमारा मूल मंत्र है। समर्पित भाव से राष्ट्र और संगठन के लिए काम करें। झारखंड में इस संगठन का विस्तार हुआ है। इसमें सभी लोगों का परिश्रम शामिल है। यह संगठन देश के साथ आपके उपर आए विपदा में सदा खड़ा रहेगा। संगठन की शक्ति को समझे। यह आपके साथ कंधे से कंधे मिला कर चलेगा। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकत लगातार देश को कमजोर करने में लगी है। भारत हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। देश का विकास राष्ट्र विरोधी ताकतों को खल रहा है और इसे कमजोर करने की कोशिश कर रहे है। इसलिए सावधान और सतर्क रहे। एनआरसी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर मुद्दा है। वहीं बढ़ती जनसंख्या भी चिंताजनक है।



उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र के लिए बलिदान हो गया है, उसको सम्मान मिलना चाहिए। श्री चतुर्वेदी ने सैनिकों से जुड़े समस्याओं पर चिंता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने कहा कि संगठन आपके लिए इंश्योरेंस की तरह है। इसलिए संगठन से जुड़े और इसको मजबूत बनाएं। संगठन से जुड़ेगे तो आप आर्थिक शारीरिक और मानसिक रूप से सुरक्षित रहेंगे। संगठन सदा आपके साथ खड़ा है। झारखंड में संगठन का विस्तार करना है। राज्य के कई जिलों में जिला स्तर पर टीम का गठन करना है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचपी सिंह, मातृशक्ति संयोजक माया कौल, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट कर्नल नीलांबर झा, राजेश पांडे, मातृशक्ति झारखंड प्रदेश की संयोजक पूनम, नारायण प्रसाद, डीडी सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, राम टहल महतो, विनय यादव, एसएन उरांव, लखन प्रसाद ठाकुर, जय प्रकाश सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक और मातृशक्ति उपस्थित थे।

# सेल-सीइटी व एमटीआई का टीम निर्माण अभ्यास और सम्मान समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की आंतरिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शाखा, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने आरडीसीआईएस ऑडिटोरियम में प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के साथ मिलकर टीम निर्माण अभ्यास का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीईटी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ एमटीआई के संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच टीम वर्क, सहयोग और बंधन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में शाबाश योजना के तहत विजेताओं का सम्मान भी शामिल था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सीईटी कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को



मान्यता दी गई। पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ईडी (सीईटी) श्रवण कुमार वर्मा ने संगठनात्मक विकास और सफलता को आगे बढ़ाने में टीम निर्माण और उत्कृष्टता की मान्यता के महत्व पर जोर दिया।

मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया गया। यह आयोजन बहुत सफल रहा तथा प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में इस प्रकार के अन्य आयोजनों की प्रतीक्षा की।

# फूलो-झानो जैसी वीर नायिकाओं को इतिहास में स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी : राजपाल

## राज्यपाल ने किया अखिल भारतीय महिला इतिहासकारों के दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची विवि के आर्यभप्त सभागार में भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर आधारित अखिल भारतीय महिला इतिहासकारों के दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। इसका आयोजन अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, कला, संस्कृति, पुरातत्व, पर्यटन, खेलकूद और युवा कार्य मंत्रालय, झारखंड सरकार, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली तथा रांची विश्वविद्यालय, रांची के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की फूलो-झानो जैसी वीर नायिकाएं इस बात का प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक महिला इतिहासकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं। महिलाओं की भूमिका को नए दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। यह न केवल इतिहास लेखन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में सहायक भी है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं ने महिलाओं को न केवल अधिकार और अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि समाज में उनकी एक नई पहचान भी स्थापित की है। इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं केवल इतिहास का हिस्सा न बनें, बल्कि इतिहास के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की नायिकाएं विषय पर आयोजित संगोष्ठी की सराहना की। इसे झारखंड तथा भारत की ऐतिहासिक परंपराओं को उजागर करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस अधिवेशन में देशभर के प्रख्यात इतिहासकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, महिला इतिहासकार परिषद की अध्यक्ष प्रो (डॉ) सुस्मिता पाण्डे, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ बालमुकुंद पाण्डेय और रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुजाता सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे।

# सीआइटीइ में फ्रेशर्स वेलकम पार्टी आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में शनिवार को डीएलएड एवं बीएड के सत्र 2024-26 में नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन हुआ। बिभिन्न राउंड की प्रतियोगिता के बाद सुजीत कुमार व आकांशा कुमारी को बीएड का मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर चुना गया। इसके अलावे डीएलएड में अमृत कुमार व इंदु टोप्पो मिस्टर व मिस फ्रेशर बने हैं। कार्यक्रम की शुरूआत कैंब्रिज ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्व डॉ बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, एचओडी डीएलएड डॉ रेणु, कोर्डिनेटर प्रो संजीव तिवारी, डॉ सत्येश कुमार सिंह, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा मंगलाचरण, फ्रेशर्स रैंपवाक, ग्रुप डांस, सोलो डांस, ग्रुप सांग आदि की प्रस्तुती दी गई। वेलकम पार्टी में भाग लेकर नवनामांकित प्रशिक्षु काफी खुश नजर आये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो विकास कुमार विकी, प्रो मिलन कुमार, प्रो अपूर्व चटर्जी की भूमिका अहम रही।

# इंडियन बैंक इम्प्लॉईज यूनियन का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इंडियन बैंक इम्प्लॉईज युनियन, झारखण्ड का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन शनिवार को रांची स्थित तारकेश्वर चक्रवर्ती हॉल, होटल रीट्रीट कॉन्टिनेन्टल, रांची में कॉम. वाई.पी. सिंह की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन का उदघाटन कॉम. सी.एच. वेंकटाचेलम (महासचिव ए.आई.बी.ई.ए.), मुख्य अतिथि, इंडियन बैंक रांची मण्डल प्रमुख रामस्वरूप सरकार, कॉम. ई.अरूणाचेलम, दीपक शर्मा, उत्पल कान्त, अरूप घोष, निरंजन मिश्रा, घनश्याम श्रीवास्तव, अतुल मेहरोत्रा, मनीष सिंह, दिनेश शर्मा, आर.ए. सिंह, आर.बी. सहाय, अनुपम एक्का, देवेश चक्रवर्ती, संदीप बैनर्जी एवं देश-राज्य के विभिन्न जिलों के नेतागण ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न शाखाओं से आये 350 डेलीगेट/ऑब्जर्वर के द्वारा निम्नलिखित पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ। जिसमें अध्यक्ष-कॉम. वाई.पी. सिंह, महासचिव-कॉम. शशिकान्त भारती, कोषाध्यक्ष-कॉम. अजय कुमार डे, डी.जी.एस. कॉम. विभाष झा, ए.जी.एस.-कॉम. विजय मण्डल एवं कॉम. सरफराज अहमद, ऑगेनाईजिंग सेक्रेटरी-कॉम. राजीव रंजन एवं भरतवीर सिंह, सेक्रेटरी-कॉम. दिलीप पासवान, ऑफिस सेक्रेटरी-कॉम. हर्ष कुमार का चयन किया गया।

# कला और शिक्षा का अद्भुत संगम है यह प्रतियोगिता : राज्यपाल

## राज्यपाल और रक्षा राज्य मंत्री ने की बच्चों की सराहना, दिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से पूर्व शनिवार को टेंडर हार्ट स्कूल में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के मार्गदर्शन में कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में एक दर्जन विद्यालयों से अधिक के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों को परीक्षा से तनाव से मुक्त करने और उत्सव पूर्ण माहौल में परीक्षा लिखने के लिए किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मौजूद थे। आयोजन की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कला और शिक्षा का अद्भुत संगम है। इसका प्रयास रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया है और टेंडर हार्ट स्कूल ने इसे धरातल पर उतारने का कार्य किया है। बच्चों के द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के भारत में बच्चों ने रंग भरे हैं। यही बच्चे भारत के भविष्य हैं, जिनके माध्यम से विकसित भारत का सपना पूरा होना है।

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारे बच्चे तनाव से मुक्त होकर परीक्षा लिखें। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा के समय बच्चों से संवाद करते हैं, ताकि बच्चे तनाव से मुक्त हो। यह प्रधानमंत्री की देश के हर व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी है कि वह बच्चों की भी चिंता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि विकसित भारत का स्वप्न इन्हीं बच्चों के हाथों पूर्ण होना है। आज इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जो प्रदर्शन किया है, इससे हमें विश्वास हो गया है कि भारत एक बार पुनः परम वैभव को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्राचार्य डॉ उषा किरण झा, निदेशक जे मोहती, पूनम आनंद, कुमुद झा सहित बड़ी

### ये बच्चे रहे विजेता

प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में टेंडर हार्ट स्कूल के आशीर्वाद को प्रथम, आचार्यकुलम की निधि रानी को द्वितीय और सेक्रेड हार्ट स्कूल की शानवी को तृतीय पुरस्कार दिया गया, जबकि जूनियर ग्रुप में डीपीएस की आराध्य रानी को प्रथम, टेंडर हार्ट के ऋषभ सिंह को द्वितीय और सरला बिरला स्कूल की श्रुति श्रेया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावे 25 अन्य बच्चों को भी उनकी बेहतर पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया और उन सबके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# खाटू नरेश श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मण्डल द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6 बजे से श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान वेद प्रकाश बागला ने अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला , मंत्री धीरज बंका एवं बागला परिवार द्वार गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया । इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वाशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था । खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 300 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया , तत्प्रात अयोध्या श्री राम मन्दिर के प्रथम स्थापना दिवस पर श्री श्याम मन्दिर में दीपोत्सव मनाया गया।

# स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी को श्रद्धांजलि



**रांची।** श्री कृष्णा पार्क डोरंडा में शनिवार को भाजपा नेता स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी को श्रद्धांजलि उनके दोस्तों एवं उनके परिवार के द्वारा दिया गया। श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन उनके साथी और श्री कृष्णा पार्क के सतीश ,व्यवसाय धर्मेंद्र कुमार राय एवं भाजपा नेता दलवीर सिंह और सेठी परिवार के सदस्य शामिल थे।

# भारतीय ज्ञान सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत भारतीय संस्कृति समाहित है: वीसी

## डीएसपीएमयू में विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू ) में शनिवार को विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य आमंत्रित वक्ता थे, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ आरबीपी सिंह। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत भारतीय संस्कृति समाहित है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली भारतीय लोगों की बौद्धिक संपदा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है और उनके अस्तित्व का अभिन्न अंग है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाज, विश्वासों और ज्ञान प्रणालियों को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित कर रही है। यह पारंपरिक ज्ञान भारत की ज्ञान प्रणाली और पहचान को बढ़ावा देते हैं। यही ज्ञान परंपरा हमें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

**विकसित भारत का मूलमंत्र पर्यावरण संरक्षित भारत है :** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और भूगोल के शिक्षाविद् प्रो आरबीपी सिंह ने विद्यार्थियों को विकसित भारतीय समाज की कल्पना करते हुए भारतीय ज्ञान पद्धति की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने भागवत गीता के श्लोकों के माध्यम से भारतीय प्राचीन संस्कृति की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए भगवतगीता के ज्ञान को सामने रखा।

उन्होंने कहा कि यह भारत ही हैं जिसने प्राचीन समय से ही लोगों को एकत्रित करते हुए ,ज्ञान का द्वीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मूलमंत्र पर्यावरण संरक्षित भारत है। भारत ज्ञान परंपरा की दिशा में काफी समृद्ध है।

कार्यक्रम में पूर्व कुलपति और मानवशास्त्री डॉ सत्यनारायण मुंडा ने भी विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डाला। इसके अलावा इस व्याख्यान में पूर्व कुलपति प्रो डॉ यूसी मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विषय प्रवेश और मंच संचालन डॉ अभय कृष्ण सिंह ने किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया गया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## खबर एक नजर में

### एनएसएस ने चलाया कपड़ा वितरण अभियान



**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन और पहाड़ी टोला में कपड़ा वितरण अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक सर्दियों के कपड़े प्रदान करना और परिसर समुदाय के भीतर सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। वितरण से पहले कपड़ों का दान अभियान चलाया गया। इसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और स्थानीय निवासियों से उदारतापूर्वक योगदान प्राप्त हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुशलतापूर्वक दान किए गए कपड़ों को एकत्र किया। छांटा और वर्गीकृत किया, ताकि कुशल वितरण सुनिश्ति हो सके। कार्यक्रम के दिन, स्वयंसेवकों ने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता देते हुए वितरण का प्रबंधन किया। कार्यक्रम में 15 से अधिक उत्साही एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से अभियान में भाग लिया, जिसने सफलतापूर्वक 50 से अधिक व्यक्तियों की सहायता की। एनएसएस कार्यक्रम प्रमुख डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने ह्रितिका, आर्यन, अभिषेक, साक्षी, आस्था, राहुल, ऐश्वर्या, अनन्या, आशीष जैसे स्वयंसेवकों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्ति किया। इस सफल पहल से एनएसएस की सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन होता है। इस तरह के प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करता है। प्रतिभागियों ने भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, जो जरूरतमंद लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने की इच्छा को दशार्ता है।

### अयोध्या श्री राम जी की स्थापना का वर्षगांठ मना



**रांची।** शिव दुर्गा हनुमान मंदिर श्यामली में अयोध्या श्री राम जी की स्थापना का वर्षगांठ मनाया गया। मौके पर मंदिर में आरती भजन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मौके पर भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंह,राम बहादुर, निर्मला पांडे, बदल, ज्ञान माला झा, यशोदा देवी का योगदान रहा।

### बिड़ला हनुमान मंदिर में कीर्तन का आयोजन



**रांची।** बिड़ला हनुमान मंदिर जोड़ा तालाब में चौबीस घंटे कीर्तन के साथ-साथ रमायण पाठ की भी शुरूआत शनिवार को किया गया। कीर्तन और पाठ का समापन आज होगा। आयोजन समिति के सदस्य दयानन्द प्रसाद सिंह ने बताया कि एक समय था । जब यहां पर केवल सरस्वती पूजा हुआ करता था। लेकिन आज यहां पर एक भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। इस मंदिर का निर्माण जिस जगह पर है यह बिड़ला जी का जमीन है।

## डीएसपीएमयू में ऐतिहासिक टुसु मिलन समारोह

# कृषि सभ्यता का प्रतीक टुसु : कुलपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय टुसु मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आखड़ा में शनिबार को किया गया। मिलन समारोह की शुरूआत टुसु के स्वरूप चौड़ल को विश्वविद्यालय परिसर के चारों ओर गाजे-बाजे के साथ आखड़ा में लाया गया। आखड़ा में स्थापना पारंपरिक विधि-विधान से कुड़मालि रिति रिवाज के साथ किया गया। इसमें डॉ. पुलकेश्वर महतो ने टुसु का परछन पाठ विद्यार्थी के साथ प्रस्तुत किया। फिर अतिथियों द्वारा टुसु के चौड़ल पर पुष्पार्पण एवं चुमावन किया गया। इसके बाद विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों को स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने टुसु पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसु कृषि से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। इन्होंने कहा कि किसान जब अपने फसल धान की कटाई कर लेता है। तब इस खुशी के अवसर पर टुसु पर्व पूरे महीने भर मनाकर पूस संक्रांति के दिन अंतिम रूप से मनाते हैं। इन्होंने टुसु को बलिदान के रूप में भी याद किये जाने की बात कही। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) यू. सी. मेहता ने टुसु पर्व के विषय वस्तु को विस्तार से बतलाते हुए कहा कि टुसु न केवल झारखंड में मनाया जाता है बल्कि प्िम बंगाल, उड़िसा, असम, बिहार, बांगला देश आदि कई क्षेत्रों में मनाया है। यह हमारी संस्कृति का विशेष अंग है विशेषकर कुड़मालि संस्कृति में। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. एन. मुंडा ने टुसु पर्व को हर्षो उल्लास, उमंग का सबसे बड़ा पर्व बताया। इस अवसर पर पूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. एस. एम. अब्बास सर, रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज, रांची कुड़मालि विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. वृंदावन महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) नमिता सिंह, मानविकी संकाय के डीन डॉ. मो. अयुब,अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भरत, मानवशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सागर मिंज, फिरिक्स के डॉ. राजेश कुमार सिंह, मेथमेटिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता कुमारी, इतिहांस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पी.आर.ओ डॉ. राजेश कुमार, एम.सी.ए. एवं पोर्टल इंचार्ज डॉ. आइ. एन. साहु, सी. ए. आईटी के डॉ. राजेंद्र प्रसाद महतो आदि मौजूद थे। समारोह में मंच संचालन विभाग के शोधार्थी अशोक कुमार पुराण एवं रूपेश कुमार कुशवाहा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बबलु कुमार महतो एवं अमनजीन मेहता ने किया।

# भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय में विश्व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय द्वारा विश्व हिन्दी दिवस समारोह का अप्रतिम आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय द्वारा कथा विमर्श, कथा पाठ और संगीत संध्या से सजे कथा महोत्सव ने सबको मुग्ध कर दिया। मौके पर अपने सम्बोधन में क्षेत्रीय निदेशक ने विश्व हिन्दी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 10 जनवरी 1975 को नागपुर में सबसे पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित किया गया था और तदंतर वर्ष 2006 से 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के समग्र व सतत विकास के सर्वाधिक सशक्त स्तंभों में उसकी सांस्कृतिक विरासत, भाषा और उनसे जुड़ी बोलियाँ अग्रगण्य होती हैं। हिन्दी आज भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों; जैसे मारिशस, श्रीलंका, मालदीव, सिंगापूर, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद व टोबैगो आदि की एक प्रमुख भाषा के रूप में बोली एवं समझी जाती है। उन्होंने भाषा, समाज और संस्कृति के अभिन्न संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि झारखण्ड सरीखे हिन्दी हृदय प्रदेश में हिन्दी, उसकी क्षेत्रीय सहभाषाओं और बोलियों के जरिये हम जमीन से जुड़े और अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति तक पहुँच सकते हैं। ऐसे में लोकभाषा और लोकसंस्कृति को जानने-समझने-सहेजने और अपनी भाषाओं बोलियों को संजोने का कार्य नि>य ही सार्थक और सहायक होगा। समारोह का मुख्य आकर्षण सुविख्यात साहित्यकारों अंशुप्रिया, डॉ. कुमारी उर्वशी, श्राकेश बिहारी, श्पंकज मित्र, श्रणेन्द्र, श्राकेश कुमार सिंह, श्जयनन्दन एवं प्रमोद कुमार झा द्वारा कथा विमर्श एवं कथा पाठ रहा। आमंत्रित अतिथिगणों ने एक से बढ़कर एक इन प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अगले भाग में संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुविख्यात गायिका रंजना झा एवं उनके साथियों द्वारा गीत-संगीत की विविध छटायें बिखेरी गयीं। पूरे कार्यक्रम का सबने भरपूर आनंद लिया और विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय की इस अविस्मरणीय अभिनव पहल को बहुत सराहा ।



## कार्मेल स्कूल के प्रिसिपल पर सख्त कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पिछले दिनों डिगवाडीह स्थित कार्मल स्कूल में छात्राओं के साथ शर्मनाक घटना को लेकर छात्राओं के परिजनों ने शनिवार को डीसी कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध दर्ज कराया। परिजनों का कहना था पूरे सिविल सोसाइटी के लिए यह शर्मनाक घटना है। स्कूल की प्रिसिंपल को तुरंत सस्पेंड कर उन्हें पुलिस को हिरासत में लेना चाहिए। इस मामले को लेकर परिजन, झरिया विधायक रागिनी सिंह के साथ डीसी माधवी मिश्रा से भी मिले। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन कर जांच के आदेश दिये। डीसी ने बताया कि घटना दुर्भायपूर्ण है। एसडीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थानीय थाना प्रभारी एवं एसडीपीओ को टीम बनाकर मामले की जांच करने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जरूरत पड़ी तो एफआईआर भी की जाएगी। विरोध करने वाली छात्राओं के मार्क्स में कोई छेड़छाड़ न हो इसका भी ध्यान रखा जायेगा। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर एम देवाश्री का कहना है कि उन पर लगे आरोप गलत है।

**क्या है मामला :** छात्राओं के परिजनों ने बताया कि स्कूल में दसवीं की कुल 120 छात्राएं पढ़ती है। 9 जनवरी को 10वीं की आखरी परीक्षा थी। इस मौके पर सभी छात्राएं आपस में पेन डे मना रही थी। करीब सौ छात्राओं ने जब एक-दूसरे के शर्ट पर शुभकामना संदेश लिखा था। जिसे देख प्रिसिंपल भड़क गई। उन्होंने छात्राओं को यह कहकर सर्ट उतरवाया कि ये चीज जब बाहर जायेगी तो इससे स्कूल की प्रतिष्ठा धूमिल होगी। छात्राओं ने कहा मैम हमारे पास अभी एक ही सर्ट है, तो भी वह नहीं मानी। 20 छात्राओं को छोड़कर बाकी को 11 वीं की छात्राओं से सर्ट उतरवाया गया। इन्हें ब्लेजर में घर भेजा। उनसे पूछना चाहते है कि इससे स्कूल की गरिमा का नुकसान नहीं हुआ। एक तरह से छात्राओं के साथ मानसिक बलात्कार किया गया है। यह सब कुछ स्कूल ग्राउंड में मेल शिक्षकों के सामने हुआ है।

**विधायक ने की निंदा :** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि कार्मेल स्कूल की शिक्षिका खुद एक महिला है, लेकिन उन्हें ऐसा करते हुए महिला सम्मान का ख्याल तक नही आया। इस घटना की जितनी निंदा की जाये कम है। हम अपनी बच्चियों के साथ है। आज हमलोग डीसी मैडम से मिले है। उन्होंने जांच के आदेश दिये है। यदि सकारात्मक पहल नहीं हुई तो हमलोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से भी मिलूंगी।

## एक नजर में

### कारू के मार्केट की सीसीटीवी पुलिस ने खंगाला

**कतरास।** गोबिंदपुर क्षेत्र के बाबूडीह में कोयला खनन को आयी आउट सोर्सिंग कंपनी में वर्चस्व को लेकर गोलीबारी, बमबाजी की घटनाओं को लेकर पुलिस ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने खरखरी में मार्केट का निरीक्षण किया, जहां घटना के दिन पुलिस बल पर हमला हुआ था। पुलिस ने दुकान का शटर तोड़वाकर अंदर पड़े सीसीटीवी की मशीन को खंगाला। अंदर तलाशी ली गयी। मालूम हो कि दुकान के बाहर भी कैमरा लगा हुआ था। पुलिस पर हमले की घटना कैमरे में कैद है। इस जानलेवा हमला की घटना में डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह को गंभीर चोट लगी है। वह इलाजरात हैं। वहीं कतरास पुलिस ने आशाकोठी खताल व आस पास क्षेत्र में गहन छापामारी की। भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया गया। यहां लंबे समय से अवैध कोयले का कारोबार चल रहा था। पास की बंद परियोजना में सरेआम खनन कर ट्रकों से बाहर भेजा जा रहा था। प्रबंधन, सीआईएसएफ अनदेखी रवैया अपनाये हुए था।

### गढ़वा उच्च वि. में जागरूकता शिविर आयोजित

**गढ़वा।** उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शहर के उमंग वाटिका हॉल में कानूनी जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल के पांच ब्लक की सेविकाओं के बीच पीएलवी ष्णा नन्द दुबे, मुरली श्याम तिवारी, अरविन्द तिवारी ने गर्भवती धात्री महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, छोटे-छोटे पारिवारिक विवाद, मध्यस्थता, स्थाई लोक अदालत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, डायन प्रथा प्रतिषेद्य अधिनियम, वृद्ध माता पिता की देखभाल आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### मुखिया ने किया 200 कंबल का वितरण

मझिआंव। क्षेत्र में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला देवी ने अपने पंचायत में 200 गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके पूर्व उन्होंने अपने पंचायत के सभी 14 वार्डों के वार्ड सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में गरीब,लाचार एवं असहायो की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। वार्ड सदस्यों के द्वारा तैयार सूची के आाार पर सभी लाभूकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## नीतीश कुमार ने दरभंगा को दी 1,500 करोड़ रुपये की सौगात

**पटना।** प्रगति यात्रा के क्रम में आज दरभंगा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले को 1,500 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 186 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 935.28 करोड़ रुपये की लागत से 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 561.75 करोड़ रुपये की लागत से 97 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना के तहत दरभंगा जिले के मौजा मनिहास में 200 आवासन के नवनिर्मित वृहद् आश्रय गृह भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सिंहवाड़ा प्रखण्ड स्थित सिमरी में चंद्रसार तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काफी बड़ा तालाब है, जो 52 बीघा में स्थित है।

## रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भंडारा का आयोजन



वितरण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप शनिवार को रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भव्य भंडार का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई युवा समाजसेवी दौलत सोनी और संया सोनी ने की। ज्ञात हो कि प्राण प्रतिष्ठा हिंदू र्म का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें भगवान की मूर्ति में प्राणों की स्थापना की जाती है, जिससे वह पूजनीय बनती है। यह आयोजन समाज को जोड़ने और सामूहिक आस्था को मजबूत करने का प्रतीक बन गया। पिछले वर्ष रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल द्वादशी तिथि पर संपन्न हुई थी।

## झामुमो ने मनाया दिशोम गुरु का 81वां जन्मदिन



जन्मदिन मनाते झामुमो नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर ूमााम से मनाया गया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को वर्त्तमान रामगढ़ जिले के नेमरा ग्राम में हुआ था। इन्होंने प्रारंभिक पढ़ाई ग्राम नेमरा के ही सरकारी विद्यालय से की थी। इनके पिता स्व. सोबरन सोरेन शिक्षक थे। वें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते थे। साथ ही महाजनों के अनैतिक त्यों का विरोा करते थे। महाजनों द्वारा 27 नवंबर 1957 को इनके पिता की हत्या करा दी गई। अपने पिता की हत्या के पश्चात इन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों के खिलाफ संघर्ष करने का फैसला किया। इस क्रम में गोला के आस-पास महाजनों के खिलाफ युवाओं को एकजूट कर संघर्ष करना प्रारंभ कर दिए। इनके द्वारा संथाल के उत्थान के लिए संथाली युवाओं को एकजूट कर सोनोत संथाल समाज का गठन किया गया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने अलग झारखण्ड राज्य के लिए इनके नेतृत्व में लंबा आंदोलन चलाया। फलतः 15 नवंबर 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन किया गया और इनका सपना साकार हुआ। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान, सचिव मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, कंचन साहू, अनिता दत्त आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमति रशीम चन्डेल, सिविल जज
डालटनगंज, पलामू।
ओरिजन सूट वाद सं. - 224/2020-21
ब्रह्मदेव यादव ------- वादी।
बनाम
फुनी यादव वगैरह ---- प्रतिवादीगण।
नोटिस बनाम

उदित राम, कुलदीप राम, प्रदीप राम सङ्गी पिता स्व. विनय राम , आलोक तिवारी पिता स्व.बुटन तिवारी, कृष्णा तिवारी, प्रेमोद तिवारी दोनों पिता स्व. जयराम तिवारी, सुरेश यादव पिता खुशी यादव, प्रह्लाद यादव पिता बंधु यादव, जयलद गिरि वो बाल गिरि पिता स्व जोकु गिरि, दिनेश तिवारी पिता स्व बलङ्गाद्र तिवारी, सच्चिदा तिवारी वो मनोज तिवारी, वो लव तिवारी, वो सुनील तिवारी सङ्गी पिता स्व. मुरारी तिवारी सङ्गी ग्राम पचमो पो.+थाना-लेस्लीगंज (नीलांबर पीतांबरपुर) जिला- पलामू राज्य झारखंड।

वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आप लोगों के विरूद्ध यह हक वाद मेरे न्यायालय में दायर किये हैं जिसमें आपलोगों को निबंधित डाक एवं नजारत के माध्यम से नोटिस की गई परंतु आपलोग उपस्थित नहीं हुये हैं। मुकदमा की अगली तारीख दिनांक 11/02/2025 को निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि नियत तिथि को सुबह 10:30 बजे न्यायालय में आपलोग खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वादी की सुनवाई एक पक्षीय होगी। इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 20-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर सिविल जज
डालटनगंज।

### कार्यालय जिला परिषद, चतरा

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0—22, वर्ष 2024—25)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :— जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :— 20.01.2025 से 21.01.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :— जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :— 22.01.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :— जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— 22.01.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान :— जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद_ :— Prayatan

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Kunda | Kunda | Kunda | Construction of Bench (Seating chair at mahadev math) | 430700 | 750 | 9000 | 03 months |
| 2 | Kunda | Kunda | Kunda | Construction of guardwall at Pooja sthal | 706900 | 1250 | 14500 | 03 months |

निविदा की शर्तें —
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.344065 District(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/26/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड के ग्राम– चेगरी, पंचायत– भुरसो, में सुनील साहु के घर से मुनेश्वर साहु के घर तक (1750 फीट) एवं चामु साहु के घर से चरवा उराँव के घर(1380 फीट) तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 58,96,900.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –20.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.01.2025 से दिनांक 27.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 344096 Rural Development (24-25)_D

### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07 / 2024–25 दिनांक–11.01.2025

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | Const. of pcc road and drain with cover from maheshpur bajrangbali to pond near doman sundi house via kedar sundi house. | 3664264.00 | 73500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 15.01.2025 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 21.01.2025 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 22.01.2025 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 6202577681 | |

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.344110 Urban Development(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 01/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 10.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/02/ 2024-25 | मयुरहण्ड | हुसिया | महुअरी | आर.ई.ओ. रोड पावर ग्रिड से प्रा. विद्यालय महुअरी तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 54,42,000.00 | चौअन लाख बेआलीस हजार मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/11/ 2024-25 | हण्टरगंज | पाण्डेय पुरा | करमा | राजेन्द्र सिंह के घर से बाला भुईया के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 55,86,200.00 | पचपन लाख छियासी हजार दो सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 344126 Rural Work Department (24-25)_D

### भारत का राजपत्र

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.अ–06012025–259935
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 43] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 3, 2025/पौष 13, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2025

**का.आ. 45 (अ).** – केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4050 तारीख 19.09.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौडाकरने / चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपावद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "04.10.2024" को "टाइम्स ऑफ इंडिया" और "खबर मंत्र" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

[फा.स. NHAI/PIU/GUM/CG-JH Border/LA/3D]
अभय जैन, निदेशक

जिलाः गुमला
प्रकाशन तिथि: 3 जनवरी, 2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## समय संवाद

सदियों से इस त्यौहार में क्षेत्रीय रीति रिवाज को शामिल करते हुए इसके नामों में बदलाव किए गए । पंजाब में मकर संक्रांति लोहड़ी का रूप है,जिसमें अलाव जलाए जाते है। पारंपरिक नृत्य किए जाते है । तमिलनाडु में यह चार दिवसीय फसल उत्सव पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मध्य कालीन मुगल काल के दौरान शुरू की गई पतंग उड़ानें की परम्परा, स्वतंत्रता और खुशी का प्रतीक बनकर उत्सव का अभिन्न अंग बन गई है। पौष मास की सर्दी के कारण हमारा शरीर कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है।

# मकर संक्रांति का त्यौहार एक सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि उत्सव





**विमला कुमारी**

**मकर संक्रांति और योग**

भारत त्यौहारों का देश है । प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाए जाते है । मकर संक्रांति का त्यौहार एक सांस्कृतिक ताने बाने के साथ साथ धार्मिक भक्ति , कृषि उत्सव और सामुदायिक भावनाओं एक दूसरे से जोड़कर जीवंत बन ाता है ।मकर संक्रांति के दिन ग्रहों के राजा सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते है ।सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को संक्रांति कहते है । सर्दियों का अंत और लंबे दिनों की शुरूआत होती है ,क्योंकि सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर जाते है इसलिए यह पर्व सूर्य देव को समर्पित है ।एक खगोलीय पिंड होने के अलावा सूर्य ऊर्जा , प्रकाश और जीवन के ब्रह्मांडीय स्रोत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही गंगा भागीरथी के पीछे पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जा मिली थी । यह त्यौहार बुराई अच्छाई और पाप पुण्य की जीत का भी प्रतीक है । इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत किया था ।आध्यामिक दृष्टिकोण से मकर संक्रांति के दिन लोग पवित्र नदियों में डुबकी लगाते है। ऐसी मान्यता है कि इससे सारे पाप धूल जाते है और आत्मा का शुद्धिकरण हो जाता है। गंगा नदी के तट पर आने के पीछे भक्ति , एकता की गहरी भावना उभर कर आती है। हिंदू धर्म में माह को दो पक्षों में बांटा गया है । कृष्ण पक्ष और शुक्लपक्ष। उसी तरह वर्ष को दो आयनों में बांटा गया उत्तरायण ओर दक्षिणायन दोनों के मिलने से एक वर्ष होता है । महाभारत में भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण होने पर स्वेच्छा से शरीर का परित्याग किया था । इसका कारण यह था कि उत्तरायण में देह छोड़ने वाली आत्माएं या तो कुछ काल के लिए देवलोक में जाती है या पुनर्जन्म के चक्र का बंधन छूट जाता है । स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने उत्तरायण का महत्व बताते हुए कहा कि उत्तरायण के छह मास के शुभ काल में जब सूर्य देव उत्तरायण में होते है तो पृथ्वी प्रकाशमय रहती है। इस प्रकाश में शरीर का परित्याग करने से व्यक्ति पुनर्जन्म के चक्कर में नहीं बंधता ।योग और ध्यान साधना के लिए वसंत और शरद ऋतु उपयुक्त माना गया है। दक्षिणायन का मध्य शरद , उत्तरायण का मध्य वसंत में योग करने वाले साधक को निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त होती है और वह रोग मुक्त भी रहता है । कृषि के लिहाज से मकर संक्रांति फसल कटाई के मौसम के दलहीज पर रहता है जो किसनों को फलदाई एवं समृद्ध उपज की ओर प्रेरित करता है । सूर्य जब उत्तरायण होता है तब इसकी किरणे हमारे शरीर के लिए औषधि का काम करती है। योग साधना से हम स्वस्थ शरीर का निर्माण करते हैं। पौष्टिक आहार जैसे तिल गुड जिसकी तासीर गर्म होती है उसको मकर संक्रांति से जोड़ दिया गया है। तिल गुड का सेवन करने से अन्त शुद्धि होती है। इम्युनिटी बूस्ट होती है । तिल के बीज से विटामिन बी 6 और विटामिन ई, कैल्शियम भरपूर मात्रा में मिलता है। माघ मेले का उल्लेख हिंदू महाकाव्य महाभारत मे भी मिलता है । हर 12 साल में मकर संक्रांति कुम्भ मेले के साथ मनाया जाती है । यह दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक तीर्थ यात्राओं में से एक है जिसमें अनुमानित 60 करोड़ लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। वे सूर्य की आराधना करते हैं तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है कि **माघ मकरगति रवि जब होई, तीरथ पतिहि आव सब कोई**

**देव दानुज किन्नर नर श्रेणी। सदर मजहि सकल त्रिवेणी।।**

अर्थात सूर्य देव के मकर राशि में जाने पर सब लोग तीर्थ राज प्रयाग में जाते हैं। देव ,दानव किन्नर और मानवों के समूह सब सादर त्रिवेणी में स्नान करते हैं। स्नान ही नहीं दान भी संक्रांति का महत्वपूर्ण है । संक्रांति में जरूरत मंद लोगों को सामर्थ्य अनुसार गुड तिल कपड़े , खिचड़ी आदि दान भी दिया जाता है ऐसी मान्यता है कि दान देने से खुशी के साथ साथ पुण्य की भी प्राप्ति होती है । मकर संक्रांति का सार प्रतीकात्मक अर्थ में निहित है जो प्रकृति की ओर चलने और जीवन समृद्धि के नवीकरण और आनंद की ओर ले जाता है । **(योग प्रशिक्षक)**

# अपनी खुशी है अपने हाथ

**प्रशांत झा**



**आज** युवा दिवस है। युवाओं पर ही देश का भविष्य टिका है। दुनिया का सबसे युवा देश आखिर कार आज भी सकरात्मक भाव से उपर क्यों नहीं उठ पा रहा है।

जीवन में हमने महसूस किया है कि एक पक्ष कुछ देता है और दूसरा पक्ष उसे स्वीकार करता है। ऐसा होने पर ही लेनदेन की प्रक्रिया पूरी होती है। यदि एक पक्ष कुछ दे और दूसरा पक्ष लेने से मना कर दे तो फिर लेनदेन की प्रक्रिया अधूरी रह जाती है। हम जो कुछ भी दूसरों से प्राप्त कर रहे हैं, उसमें हमारी भी सहमति होती है।

महात्मा बुद्ध एक बार एक ऐसे गांव से जा रहे थे जहां के लोग अपने धर्मगुरु के प्रभाव में रहने के कारण उन्हें पसंद नहीं करते थे। उस गांव से जब वह गुजर रहे थे तो अनेक लोगों ने उनकी निंदा की, उन्हें अपशब्द कहे और गालियां दी। महात्मा बुद्ध खामोशी से अपना सफर तय करते रहे। उस गांव के लोगों के कटु व्यवहार का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। सबसे अंत में वह धर्मगुरु मिले जिनके प्रभाव में आकर गांव वाले महात्मा बुद्ध के साथ गलत व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने पूछा कि गांव वालों ने आपकी इतनी निंदा की, आपको इतनी गालियां दी। फिर भी आप क्रोधित नहीं हुए? क्या कारण है? महात्मा बुद्ध मुस्कुराए और बोले- कुछ समय पूर्व मैं एक दूसरे गांव से गुजरा था। वहां के लोगों ने मेरे लिए छप्पन किस्म के पकवान जिसमें अनेक तरह की मिठाइयां भी शामिल थी, का प्रबंध किया था। उन्होंने सब कुछ मुझे देना चाहा। मेरा पेट भरा था। मैंने कुछ नहीं लिया। तो वह पकवान और मिठाइयां कहां रह गईं? उन्हीं के पास ना जो मुझे देने की कोशिश कर रहे थे। इस गांव में मुझे निंदा और तिरस्कार देने का प्रयास किया गया। मैंने उन्हें ग्रहण नहीं किया है। वे सब यहीं रह गए हैं और मैं अपने सफर पर आगे निकल गया हूं। इन बातों से उस धर्मगुरु की आंखें खुल गई और उन्होंने महात्मा बुद्ध से माफी मांगी।

हमारे जीवन में भी ऐसा ही होता है। यदि किसी दूसरे के व्यवहार से हमें क्रोध आता है। यदि किसी और के व्यवहार से हमें घृणा होती है। यदि किसी और की बात सुन हम झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं तो फिर उसके लिए किसी और को दोषी ठहराना उचित नहीं। क्रोध, घृणा और झगड़ा करने की भावना जब हमारे मन में होती है तभी हम किसी के उकसाने या गलती पर क्रोध, घृणा या झगड़ा करते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा हो तो आत्ममंथन आवश्यक है। संभव है कि क्रोध की उत्पत्ति के लिए कोई वाजिब कारण मौजूद हो, लेकिन उसे स्वीकार तो हमने ही किया। भले ही किसी और के घटिया कृत्य से हमारे मन में घृणा के भाव ने जन्म लिया, पर हमारा योगदान तो उसमें रहा ही। स्मरण रहे कि ताली कभी भी एक हाथ से नहीं बजती। दूसरा हाथ का योगदान चाहे कितना ही कम हो, दोनों हाथों के मिलन से ही आवाज निकलती है। किसी का देना तभी पूर्ण होता है जब हम उसे लेते हैं। लोभ, क्रोध, घृणा, कामुकता और मोह जैसी भावनाएं यदि हम लेने से इनकार कर दें, तो दूसरे लोग चाह कर भी हमें दे नहीं पाएंगे।

गांधी जी को ब्रिटिश राज का दुश्मन मानता था। उस अंग्रेज ने कागज के कई पन्नों पर तरह-तरह की गालियां लिख कर महात्मा गांधी के पास भिजवा दी । महात्मा गांधी ने बड़े ही सहज भाव से कागज के पन्नों में लगे पिन को निकाल कर रख लिया और फिर कागज के सभी पन्नों को उस अंग्रेज के पास वापस भिजवा दिया। पहले पन्ने पर लिख भी दिया- मुझे इन सब चीजों की जरूरत नहीं। इन्हें आप अपने पास ही रख लीजिए। उस अंग्रेज व्यक्ति की घृणा उसके पास रह गई और गांधी जी के मन की शांति और प्रसन्नता उनके साथ रह गई।

# हनुमान चालीसा की रचना

बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# इन दिनों माया नगरी में धूम मचा रहा कोडरमा का आदित्य

**मनोज कुमार पांडेय**

**झारखंड** के कोडरमा में पुलिस विभाग में कार्यरत आदित्य राकेश इन दोनों मुंबई माया नगरी में धूम मचा रहा है। बता दे कि हाल ही में जी म्यूज़िक कंपनी से रिलीज एक गाना सोशल मीडिया पर काफी धूम मचा रहा है, जिसका नाम है ₹मेरे सनम ₹ इस गाने को गाया है आदित्य राकेश ने, इसको लिखा भी आदित्य राकेश ने ही है और म्यूज़िक दिया है मनोज शर्मा ने जो ए आर रहमान के असिस्टेंट रह चुके हैं। गाने के निमार्ता और निर्देशक मोहित कपूर हैं, जो मशहूर फैशन निर्देशक हैं। इसमें बतौर एक्टर जानेमाने मॉडल मनीष राणा टेलीविजन की जानीमानी एक्ट्रेस रश्मि गुप्ता ने काम किया है। इस गाने की खासियत ये है कि इसकी शूटिंग अल्माती, कजाकिस्तान में की गई है। ये गाना बेहतरीन गायकी के साथ बेहतरीन वीडियोग्राफी और डायरेक्शन का एक शानदार नमूना है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। गौरतलब है कि आदित्य राकेश इसके पहले भी कई बार सुर्खियों में आ चुके हैं। उन्होंने झारखंड पुलिस के लिए एंथम बनाया था जो कि काफी वायरल हुआ था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू द्वारा



झारखंड आईकॉन अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा उन्होंने इलेक्शन एंथम और कई गाने बनाए हैं।

आदित्य राकेश पुलिस में भी हैं और कोडरमा में पोस्टेड हैं। आदित्य बताते हैं कि अपने सपने को पूरा करने के लिए काफी लगन से मेहनत कर रहे हैं, और बाधाओं और मुश्किलों का डटकर सामना कर रहे हैं। आदित्य अपने शहर, राज्य एवम अपने पुलिस महकमे का नाम रोशन करना चाहते हैं। आने वाले दिनों में बहुत सारे म्यूजिक वीडियोज के अलावा दो बॉलीवुड फिल्मों में भी उनका गाने आनेवावाले हैं।

## स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन युवा दिवस पर उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची में खबर मन्त्र का कार्यक्रम

# न नशा करेंगे और न ही समाज में नशा को प्रोत्साहित करने वालों को स्वीकार करेंगे

उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचार और जीवन में चरित्र का महत्व विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि स्वामी के विचार उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो हर छात्र के जीवन में अंगीकार करने योग्य है। आज जीवन में नैतिक मूल्यों की जिस प्रकार गिरावट आ रही है उसमें स्वामी के विचार सर्वाधिक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में अनुशासन और चरित्र पर सबसे अधिक बल दिया जाता है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार हमारे युवा पूरी दुनिया से जुड़ रहें हैं उसमें उनके ज्ञान और नैतिक मूल्यों का महत्व बढ़ता जा रहा है।

इस अवसर पर खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश गुलाम था तब स्वामी जी ने राष्ट्र स्वाभिमान की पुर्नस्थापना की जिससे पूरे दुनिया में देश का सांस्कृतिक महत्व स्थापित हुआ।

स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार से हम अपने जीवन को परिवर्तित कर सकते हैं। देश के युवाओं के लिए स्वामी जी के विचार और चिंतन उच्च कोटि के है।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चला। छात्राओं ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**युवा दिवस 12 जनवरी 2025 युवा दिवस के अवसर पर शनिवार 11 जनवरी को रांची के उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की 11 वीं के कामर्स, आर्ट और सांइस की छात्राओं ने शपथ ली कि हम नशा मुक्त नैतिकता से युक्त समाज बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं। हम न नशा करेंगे और न ही हम समाज में नशा करने वालो को स्वीकार करेंगे। हम परिवार और समाज को नशा मुक्त करने की दिशा में हर सार्थक प्रयास करेंगे।**

युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 11 वी छात्राओं ने कॉलेज के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में यह शपथ ली। इस अवसर पर नरेन्द्र से स्वामी विवेकानंद बनने की बात उन्हें रोचक तरीके से बतायी गयी। उठो, जागों और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों।



















आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएँ रहती हैं झ धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

उन्नति की जरुरत है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखों न कि लहरों की तरफ।- कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। जो गरीबों में, कमजोरों में और बिमारियों में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं। प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।

दिन में एकबार खुद से बात अवश्य करों......नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे। मेरा विश्वास युवा पीढी में है, आधुनिक पीढी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। काम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देशय होना चाहिये। हमारे देश को नायकों की जरुरत हैं, नायक बनों, तुम्हारा कर्तव्य हैं काम करते जाओ और फिर सभी तुम्हारा खुद अनुसरण करेंगे।

(स्वामी विवेकानंद के विचार)

# रामगढ़ जिले का कुजू बना अपराधियों का शरणस्थली

## राहुल और आकाश जंगलों में छिपने की फिराक में थे, पुलिस ने किया तुरी को किया ढेर

### 2019 में मारा गया था बाजीराम महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले का कुजू अपराधियों का बड़ा शरणस्थली बना हुआ है। अपराधी यहां से रंगदारी भी वसूलते हैं और यहां के जंगलों में छुपकर राज भी करते हैं। जब भी पुलिस अपराधियों का पीछा करती है, वह भाग कर जंगलों और झाड़ियां में छुप जाते हैं। अंधेरे का लाभ उठाकर वह यहां से बोकारो और हजारीबाग जिला में प्रवेश कर जाते हैं।

राहुल तुरी उर्फ आलोक और आकाश करमाली ने भी ऐसा ही करने की योजना बना रखी थी। लेकिन इस बार हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। पुलिस नहीं चाहती थी कि अपराधी भाग कर किसी दूसरे जिले में जाकर छुप जाएं। उन्होंने अपराधियों का लगातार पीछा किया। अपराधी पुलिस को पीछे हटाने के लिए गोलियां चला रहे थे, लेकिन पुलिस टस से मस नहीं हुई। कुजू ओपी क्षेत्र में राहुल तुरी से पहले झारखंड का कुख्यात अपराधी बाजीराम महतो भी एनकाउंटर में मारा गया था। 27 फरवरी 2019 को रामगढ़ के तत्कालीन एसपी निधि द्विवेदी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया था। उस दौरान बाजीराम महतो को सुगिया के जंगलों में ही घेरा गया। जब उसने भी पुलिस पर फायरिंग शुरू की तब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की थी। रामगढ़ जिले में एनकाउंटर की वह पहली घटना थी। जिसके बाद अपराधियों में दहशत का माहौल कायम हो गया था।

बाजीराम महतो ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। वह भी ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने का काम करता था। यहां तक कि उसने तत्कालीन मंत्री रहे चंद्र प्रकाश चौधरी के एक रिश्तेदार जलेश्वर महतो को भी अगवा कर लिया था। उसने पुलिस के नाक में दम कर रखा था। लेकिन तत्कालीन एसपी निधि द्विवेदी ने उस अपराधी को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। पुलिस से बचने के लिए वह सुगिया के जंगल में छुप गया था। जब पुलिस ने उसका पीछा नहीं छोड़ा, तो उसने भी पुलिस पर गोलियां चलाई। नतीजा यह हुआ कि एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई।



एनकाउंटर के दौरा रामगढ़ के एसपी और हजारीबाग के एसपी।

### अपराधी छोड़ दें अपना रास्ता, आकाश जैसा होगा नतीजा : एसपी

**रामगढ़।** राहुल तुरी का एनकाउंटर करने के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने अपराधियों को सीधा फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अपराधी अपना रास्ता छोड़ दें या फिर वे झारखंड छोड़कर कहीं और चले जाएं। अगर यहां की धरती पर वे अपराध करेंगे, तो उनका नतीजा भी राहुल तुरी की तरह ही होगा।

उन्होंने शनिवार को कहा कि उनके कार्यकाल में लगातार संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पांडे गिरोह , श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गैंग और अन्य आपराधिक संगठनों को उन्होंने तोड़ कर रख दिया है। जिस भाषा में अपराधी बात समझाना चाह रहे हैं, उसी भाषा में अब उन्हें समझाया जा रहा है।

अगर वह गोलियां चलाना जानते हैं, पुलिस भी इस मामले में कम नहीं है। ठेकेदारों, कंपनियों के मालिको और आम व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के लिए फोन पर धमकी दी जा रही है। अपराधियों को यह रास्ता अब बंद कर देना होगा। अगर वह अभी भी अपना रास्ता छोड़कर सरेंडर नहीं करते हैं, तो उन्हें अपना जगह बदलना ही पड़ेगा। एनकाउंटर हुआ है, अपराधियों के लिए वह एक बड़ा सबक है।

इससे पहले भी पलामू में भारत पांडे की हत्या मामले में पांडे गिरोह के निशी पांडे और उनके भाई निशांत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उस गिरफ्तारी में भी रामगढ़ पुलिस की बड़ी भूमिका रही है।

# रघुवर दास ने छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा-अर्चना

▸▸ बोले- सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करेगी, सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे



**रजरप्पा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शनिवार को मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित शुभाशीष पंडा, छोटू, गुड्डू एवं राकेश पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। मां से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना करते हुए राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी साथ रहे। रघुवर दास ने खुद को महज एक कार्यकर्ता बताते हुए फिट एंड फाइटिंग भाजपा को अपना मिशन बताया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करती है तो वह सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता हूँ और पार्टी के हित में कार्य करता रहूंगा। उन्होंने घुसपैठ और धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए इसे राज्यहित के लिए खतरनाक बताया। कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा और मूल्यांकन कर चुकी है और अब 2024 से सबक लेकर 2025 में नयी ऊर्जा से काम करना है। इस दौरान पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका पार्टी में जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इधर, रघुवर दास ने मंदिर प्रक्षेत्र में मौजूद गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो उर्फ.डीएम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष किशुनराम मुंडा, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, यूनियन के रविंद्र वर्मा, अधिवक्ता राजू कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, युगेश महतो, गणेश स्वर्णकार, पीएन सिंह, रमेश वर्मा, धनंजय कुमार पुटूस, बबलू साव, मनोज महतो, देवकी महतो, निरंजन कुमार, मुकेश यादव, जयंत पोद्दार, अजय जायसवाल, खेदन स्वर्णकार, अंकित सिंह, प्रीतम झा, विनीत यादव, राहुल पासवान आदि भाजपा एवं आजसू कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### रामगढ़ में अवैध बालू लदा सात ट्रैक्टर जब्त

रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार जरिये अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात सिरका क्षेत्र में दामोदर नदी घाट से अवैध बालू के उठाव के मामले में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कार्रवाई की। जांच अभियान के दौरान सिरका दामोदर नदी घाट से सात ट्रैक्टर वाहनों को अवैध रूप से बालू का उठाव करने का दोषी पाया गया। किसी भी ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। इसलिए उनके इंजन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति के आरोप में आरोपित करते हुए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम- 1957 की धारा- 4/21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली- 2004 के नियम- 4/54, द झारखण्ड मिनिरल रुल्स-2017 के नियम- 9/13 एवं बीएनएस के सुसगंत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। बालू की अवैध तस्करी के मामले में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने भी कार्रवाई की है। बस्ती दामोदर नदी घाट के समीप अभियान चलाया।

### पेट्रोल पंप पर लगेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड : डीटीओ

**रामगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वश ने एक अनोखी पहल शुरू की है। शनिवार को उन्होंने पेट्रोल पंप के मालिकों के साथ बैठक की और कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड अवश्य लगाएं। इससे ग्राहकों में जागरुकता आएगी और वे बिना हेलमेट के सड़क पर नहीं चलेंगे। बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल ना देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने अथवा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया।



पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक करतीं डीटीओ।

# रघुवर दास से मिले मृतक अनीता देवी के परिजन

## लगायी न्याय की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का शनिवार को हजारीबाग के भारत माता चौक पर भव्य स्वागत किया गया। दास, भद्रकाली मंदिर की यात्रा पर थे और इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा उनके लिए परिवार के समान है, और वह पार्टी तथा जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। उन्होंने संगठन की शक्ति को कार्यकर्ताओं की एकता और मेहनत में निहित बताया। साथ ही, झारखंड के विकास और गरीबों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान रघुवर दास से हजारीबाग निवासी राजू कुमार गुप्ता ने भी मुलाकात की।

राजू गुप्ता ने पूर्व एसडीओ अशोक कुमार और उनके परिवार पर अपनी बहन अनीता देवी की हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। उनका कहना है कि अशोक कुमार, जो अनीता देवी के पति हैं, पर हत्या का आरोप होने के बावजूद वे खुलेआम घूम रहे हैं। इस संदर्भ में राजू गुप्ता ने अपनी शिकायतें पूर्व मुख्यमंत्री को बताईं और उचित कार्रवाई की मांग की। राजू गुप्ता ने जानकारी दी कि इस मामले को लेकर सोमवार, को हजारीबाग में एक महाधरना का आयोजन किया जाएगा। इस धरने के जरिए वे अपनी बहन के लिए न्याय की गुहार लगाएंगे।



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में गणतंत्र दिवस पुरस्कार के लिए 20 तक दे सकते हैं आवेदन

रामगढ़। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के 2024 के अवसर पर एक नई पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार योजनाः का शुभारंभ किया गया था। इस वर्ष दूसरी बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार दिया जाना है। रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार संस्था या व्यक्तिगत द्वारा निम्न क्षेत्रों यथा-प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति को मदद करना, किसी व्यक्तियों या संस्था द्वारा रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान या किसी भी क्षेत्र में समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया जायगा। कार्य क्षेत्र से ऊपर उठकर विकास / समाज के लिए कार्य करने वाले लोग / संस्थायें रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार से होंगे सम्मानित ।20 जनवरी तक कोई भी व्यक्ति / संस्था अपने द्वारा अथवा किसी का अनुशंसा / रिकॉमेंडेशन के साथ किये गये विकास कार्यों से संबंधित जानकारी जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करा सकते हैं।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन



रामगढ़। रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024- 25 का उद्घाटन छावनी परिषद रामगढ़ के दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल में किया गया । टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ मार्कस हेमरोम, छावनी परिषद के अभियंता पिंटू कुमार ,अधीक्षक प्रभारी एस एन राव ,रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव अरुण कुमार राय एवं रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक रोहित कुमार , रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिाक आकाश कुमार झा ने दीप प्रज्जवलित कर व बैडमिंटन खेलकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से आयोजित अंडर-17 बॉयज सिंगल एवं डबल अंडर-19 बॉयज, सिंगल एवं डबल अंडर-19 गर्ल्स सिंगल एवं डबल, बॉयज के सिंगल एवं डबल का पार्टिसिपेशन होगा। जिसका फाइनल सोमवार को संध्या खेला जाएगा। उसी दिन प्राइज वितरण का कार्यक्रम होगा । विजेताओं को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। समापन के शुभ अवसर पर रामगढ़ जिला बैडमिंटन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मौके पर भोला कुमार, ऋषि कपूर, अनमोल आनंद व खेलप्रेमी मौजूद थे।

### डॉ. अजय पांडेय ने किया पीएचडी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विजय फाउंडेशन के अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता, एक समर्पित विद्वान और शोधकर्ता डॉ. अजय पांडेय ने आधिकारिक तौर पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (पावर सिस्टम प्रोटेक्शन) के क्षेत्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) पूरी कर ली है। यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक करियर और पावर सिस्टम प्रोटेक्शन के चल रहे विकास दोनों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 5 वर्षों के दौरान अजय पांडेय ने अपने डॉक्टरेट अनुसंधान को पावर सिस्टम सुरक्षा में उन्नति पर केंद्रित किया। उनका काम जिसका शीर्षक है ह्यूपीएफसी पावर नेटवर्क के लिए उन्नत दोष पहचान और सुरक्षा रणनीतियां, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ एकीकृत मौजूदा ट्रांसमिशन सिस्टम की पावर सिस्टम सुरक्षा की खोज करता है, जो पावर सिस्टम के क्षेत्र के लिए प्रभाव और अत्यधिक फायदेमंद होने की क्षमता रखता है। इस परियोजना के पूरा होने से पावर सिस्टम में मूल्यवान अंतर्दृष्टि जुड़ती है ।

### बिरसा मुंडा सेवा समिति ने बांटा कंबल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कड़ाके की ठंढ को देखते हुए भगवान बिरसा मुंडा सेवा समिति ने रीवर साईड स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्थल के समीप असहाय गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण करते हुए समिति के अध्यक्ष रामलखन मुंडा ने कहा कि समिति का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जायेगी। कंबल वितरण से पूर्व समिति ने केन्द्रीय सुरहुत पूजा समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. उमेश मुंडा के याद में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष अनिल एक्का, राजन करमाली, बुटन मुंडा, बीरबल मांझी, शशि करमाली, खेरोफेना एक्का, विक्की करमाली, संरक्षक पात्रिक मिंज, माइग्रेट खलखो, गीता मुंडा, चरकी करमाली, जोसबीन डिक्रूज, उषा गोड, मनीषा मुंडा, प्रदीप करमाली, पाहन देवलाल मुंडा, जुगेश्वर गंझू, अरविन्द करमाली, गुलाब करमाली, राजकुमार कुंजाम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले : पोद्दार

रामगढ़। इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की ओर से होटल शिवम इन में इनर व्हील डे मनाया गया। क्लब अध्यक्षा पिंकी पोद्दार ने कहा कि इनरव्हील क्लब का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यो से जोड़ना है। बेटियों की शिक्षा सबकी प्राथमिकता बने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले, यह क्लब की प्राथमिकता है। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर,प्रियंका जैन, नम्रता श्रॉफ,जसमीत सोनी, जेनेश वडेरा,पिंकी गांधी,अनुराधा श्रॉफ,रेनू मेवाड़,पिंकी गांधी,ममता अग्रवाल ,अल्पना तिवारी, जेनेश वडेरा,मीणा वडेरा,दीपा वडेरा,जसमीत कौर व अन्य उपस्थित थीं।

## एक नजर में

### पदमा : मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में विवेकानंद की जयंती पर गोष्ठी



**बरही/पदमा।** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में विवेकानंद जयंती शनिवार को 'राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती तथा स्वावलंबी भारत अभियान विषय पर संगोष्ठी हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर परअजय कुमार क्षेत्रीय संगठन, स्वदेशी जागरण मंच, उत्तर पूर्व क्षेत्र, श्री सीताराम प्रसाद, जिला संयोजक, स्वावलंबी भारत मंच एवं प्रियांशु कुमार पूर्णकालिक सदस्य 'स्वावलंबी भारत अभियान', संस्था के संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार तथा निदेशक श्री रवि प्रकाश उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ तदुपरांत प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद के स्वागत भाषण के बाद प्रशिक्षु ने विवेकानंद जी के जीवन के विभिन्न पक्षों से संबंधित अपने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता श्री अजय कुमार ने कहा कि आज का युवा भारत को विवेकानंद के विचारों जीवन में अपना कर स्वावलंबी एवं विकसित भारत बन सकता है। भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन कुमारी एवं प्रिया वर्मा प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर वीरेंद्र चौरसिया तथा सारिका मेहता ने किया जबकि मंच संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु सूरज कुमार ने किया।

### झरपो के आंगनबाड़ी केंद्रों में गोष्ठी आयोजित



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पैक्स भवन के समीप आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को स्थानीय मुखिया सह कांग्रेस 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।स्थानीय मुखिया श्री सोनी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में डीएमएफटी विभाग के ओर से बाउंड्री वाल रंग रोगन सुंदरी करण क्षति ग्रस्त बिजली तार की मरम्मती , शौचालय में टंकी समुचित व्यवस्था,बच्चों की माप तौल करने की इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ,बच्चों की पेयजल हेतु बोरिंग कर चापानल लगवाने समेत अन्य व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जो कि अग्रेत्तर कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को ग्रामीणों की मौजूदगी में हस्ताक्षर कर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओ को सौंपा गया। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार तो आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे उपस्थित छात्र छात्राओं के हित योजनाओं के तहत जरूरत की सामग्रियों को देती है , लेकिन कई आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में फर्जी तरीके से छात्र छात्राओं की उपस्थिति भी दर्ज कर पौष्टिक आहार एमडीएम मध्याह्न भोजन की खाद्य सामग्रियों में भी कटौती कर फेर बदल कर दिया जाता रहा है। विभाग द्वारा विकास कार्य योजनाओ में भी स्वीकृति कर दी जाती है लेकिन संवेदकों द्वारा इसे भी लीपापोती कर डकार दिया जाता है। जिसके कई उदाहरण क्षेत्र में भ्रमण कर देखा जा सकता है । बैठक के दौरान मनीषा ,रिंकी,नीतू,प्रियंका,प्रीति,किरण, चमेली,विकास, मामता,किरण कुमारी, बासुदेव प्रसाद उपस्थित थे।

११ है पी २ : संगोष्ठी का आयोजन

### सीआइएसएफ ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



बड़कागांव ।सीआईएस एफ के जवानों ने अति सुदूरवर्ती क्षेत्र पन्नावाटांड़ के गरीब असहयों के बीच कंबल का वितरण एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के इकाई प्रभारी उप कमांडेंट सुरेश गोगुलोथु एवं इकाई संरक्षण अध्यक्ष निहारिका के द्वारा 100 कंबल का वितरण किया गया ।इस अवसर पर दोनों पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि कड़ाके की ठंड के कारण व गर्म कपड़े के अभाव में लोग ठिठुर रहे थे। जिसको देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण किया ।गरीबों की सहायता करना मानव का सबसे बड़ा धर्म और कर्तव्य है।

### संजय सिंह ने शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बांटा

बड़कागांव। सेहदा में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जरूरतमंदों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। ज्ञात हो की संजय सिंह प्रतिवर्ष शिबू सोरेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में लगभग 7000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं। मौके पर संजय सिंह ने लोगों को सुझाव दिया कि ठंड का मौसम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है,कंबल को अच्छा तरह से प्रयोग कीजिएगा ।मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष चूरामन गंझु, सचिव राजेश हंसदा, मो कोमली,संजय सोरेन,कलावती देवी, महेन्द्र सोरेन,कुलदीप गंझू,संगीता देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जल सहिया को पीएचईडी से मिला साड़ी

**कटकमसांडी।** शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में जल सहिया की बैठक में पीएचईडी से ड्रेस कोड के तहत साड़ियों का वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित जिला समन्वयक रंजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र मे कार्यरत सभी जल सहियाओं के खाते में बतौर प्रोत्साहन राशि 12 हजार रूपए दी गई है। बैठक में उपस्थित सभी जल सहिया को निर्देश दिया गया कि अपने अपने पंचायत क्षेत्र में सर्वे कर शौचालय निर्माण की प्रगति की रिपोर्ट विभाग को दें और जिनके घरों मे शौचालय का निर्माण किसी कारण अब तक नही हो सका है, उनके घरों में शौचालय निर्माण कराया जाए। बताया कि विभाग से प्रति शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की राशि उपलब्ध है। बैठक मे जल सहिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव कोरैशा खातुन, शोभा देवी, यशोदा देवी, रेशमी, रिंकू देवी, गौरी देवी, मिन्कू देवी, कौशल्या देवी, बसंती देवी, किरण देवी, विनीता देवी, सुनीता, उर्मिला देवी, कपूर देवी, आशा कुमारी, अंजनी कुमारी, रूबी खातुन, ममता देवी, विद्या देवी, बबीता देवी, शांति लिंडा, अनिता देवी सहित दर्जनों जल सहिया उपस्थित थे।

# ऑटो के पलटने से 14 घायल, 4 रिम्स रेफर


घायल का इलाज करते चिकित्सक।


इलाज के लिए पहुंची स्वास्थ्य केंद्र।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो लापुंग सड़क पर बेड़ो थाना क्षेत्र के जहानामोड़ के समीप असंतुलित होकर एक ऑटो के पलट जाने से 14 ग्रामीण घायल हो गए। घटना शनिवार की पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे की है। वहीं घायलों में जौनी उरांव, अनीता उरांव व विनीता कुजूर ने बताया कि वे एक ऑटो पर सवार होकर मटर तोड़ने के लिए गडरी डिपाटोली गांव जा रहे थे। इसी बीच जहाना मोड़ के समीप ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे 14 ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में क्रमशः 32 वर्षीय सुनील मिंज, 35 वर्षीय स्टेफन तिर्की, 32 वर्षीय बिरसा तिर्की,18 वर्षीया सपना कुमारी,19 वर्षीया सुजाता कुमारी, 32 वर्षीया राधा खेस, 36 वर्षीय जोबन उरांव, 14 वर्षीया रश्मि कुमारी, 47 वर्षीया अनीता उरांव, 40 वर्षीया जौनी उरांव, 22 वर्षीया विनीता कुजूर, 32 वर्षीया रीता उरांव, 13 वर्षीया कल्पना उरांव व 15 वर्षीया लाली कुमारी का नाम शामिल हैं। सभी घायल बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरियो चुटूटोली गांव के निवासी हैं। इधर घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ काजोल ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में चार घायलों क्रमशः सुनील मिंज, स्टेफन तिर्की, राधा खेस व जोबन उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष करमा उरांव ने सीएचसी बेड़ो पहुंचकर स्थिति की जानकारी लिया। वहीं पुरियो पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने घायलों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# पर्यटन मंत्री ने हुंडरू, जोन्हा व सीता फॉल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने हुंडरू फॉल सीता एवं जोन्हा फॉल का निरीक्षण किया। उनके साथ निदेशक पर्यटन विभाग की अंजलि यादव उपस्थित थी। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद एवं संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। पर्यटनकर्मियों ने मृतक पर्यटनकर्मी के आश्रितों को काम में रखने, स्थायीकरण करने, पीएफ, जीवन बीमा लागू करने से संबंधित छह सूत्री मांग पत्र मंत्री को सौपा। मंत्री ने हुंडरू,जोन्हा व सीता जलप्रपात पर्यटन स्थल में पर्यटकों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भविष्य की कार्य योजना के बारे विभाग को दिशा निर्देश दिया। पर्यटनकर्मियों ने पर्यटन स्थलों के पेयजल, पार्किंग, सीढ़ी, शौचालय आदि की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। सुरक्षा व्यवस्था में अनगडा एवं सिकिदीरी पुलिस तैनात थे। मौके पर अनगडा. बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, मेघनाथ बेदिया, बुधराम बेदिया, राजेन्द्र महतो सोहन बेक मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे।

## एक नज़र में

### रातू : आनंदनगर में नेत्र जांच शिविर आयोजित



रातू। प्रखंड के झिरि रिंग रोड स्थित आनंदनगर शिव दुर्गा मंदिर परिसर में समाजसेवी दिनेश जायसवाल व राजेश सिंह की पहल पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष संतोष पाठक ने भगवान महावीर हाई हॉस्पिटल से संपर्क कर नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित कराया। इसमें डॉ वर्तिका गुप्ता और डॉ मयूरी भट्टाचार्य ने करीब एक सौ मरीजों के नेत्र की जांच कर मुफ्त दवा भी दिये। इस दौरान डॉ गुप्ता ने कहा रोग के लक्षण प्रकट होते ही इसका इलाज कराना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा किसी भी बीमारी के लिये जितनी दवाई की आवश्यकता होती है उतना ही विश्वास की। डॉ गुप्ता ने संतोष पाठक के सेवा भावना की प्रशंसा करते हुये उन्हें बधाई का पात्र बताया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता व्रजेश शर्मा ने भी अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम की सफलता में अंकित कुमार, लालेश्वर कुमार व देवराज महतो की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर रोनित सिंह, दिवेश चौधरी, गौरव सिंह, राजेश मिश्र, निर्भय पाठक, व्रजेश तिवारी व गुड्डू झा आदि मौजूद थे।

### फिलिप सहाय एक्का ने मांडर थाना में कैदियों के लिए थाना प्रभारी राहुल को कंबल सौंपा



मांडर। प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने शनिवार को मांडर थाना में कैदियों के लिए थाना प्रभारी राहुल को कंबल सौंपा। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कैदियों के लिए थाना प्रभारी राहुल को कंबल सौंपा गया है। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामबालक ठाकुर समेत थाना स्टाफ मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर मांडर मुखिया प्रकाश खलखो और बरगड़ी मुखिया लक्ष्मण भगत ने भी अपने अपने पंचायत क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं चान्हो थाना क्षेत्र में भी ठंड को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा चान्हो प्रखंड के बिजुपाड़ा चौक में लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

### किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्ति होना ही है : बीडीओ राहुल उरांव



बेड़ो। किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्ति होना सुनिश्चित होता है। उक्त बातें शनिवार को बेड़ो प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रखंड के असरो पारस डैम में आयोजित वनभोज सह विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव सफीक आलम के कार्यकाल को यहां के कर्मी हमेशा याद रखेंगे और उनके कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। इस दौरान प्रखंड के चचकपी व केश्वा पंचायत के सचिव शफीक आलम का प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, प्रखंड उप प्रमुख मोदस्सिर हक, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करमा उरांव समेत बीपीओ संजय तिर्की, असिस्टेंट इंजीनियर पुरुषोत्तम भाई पटेल, जेई सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, बेड़ो मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रमेश उरांव, पुरियो मुखिया नीरज कुजूर, जरिया मुखिया कुंवारी खलखो, प्रबल्ला केरकेट्टा व जामटोली पंचायत की मुखिया कोया ने सेवानिवृति पंचायत सचिव सफीक आलम को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व उपहार भेंटकर सम्मानित किए। इस दौरान पंचायत सचिव सफीक आलम ने कहा कि मुझे बेड़ो प्रखंड प्रशासन की ओर से ढेर सारा प्यार और स्नेह मिला है जिसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा।

### खलारी में फ्लाई एस लोड हाइवा अनियंत्रित होकर पलटा, चालक सुरक्षित

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र के जी टाइप कब्रस्तान के पास अनियंत्रित होकर फ्लाईएस लदा हाइवा पलटा, दुर्घटना ग्रस्त हाइवा चालक सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार हाइवा जेएच 02बीपी 3808 एनटीपीसी टंडवा से फ्लाईएस लोड लेकर बिजुपाड़ा खलारी मुख्य पथ से राँची नगड़ी जाने के क्रम में खलारी थाना क्षेत्र के जी टाइप कब्रस्तान के पास अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में जाकर गड्ढा में पलट गया। भयावह दुर्घटना ग्रस्त व प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया गया कि किसी मोटरसाइकिल राइडर को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर सड़क से 15 फिट गड्ढा में हाइवा गिरकर पलट गया। दुर्घटना से हाइवा चालक दिलीप कुमार को अंदरूनी चोट आयी है। वही हाइवा मालिक खलारी निवासी कान्हा यादव का बताया जाता है। घटना के बाद खलारी पुलिस पहुँचकर घटना के संबध जांच पड़ताल कर रही थी।

### हिंडालको मुरी ने मरीजों के बीच पोषण कीट एवं कंबल का किया वितरण



मुरी/सिल्ली। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के द्वारा आज शनिवार के दिन सिल्ली प्रखंड के सभी मरीजों के बीच पोषण किट एवं कंबल का वितरण किया गया। आज के आयोजित कार्यक्रम में लगभग 120 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंडालको मुरी प्लांट के प्लांट हेड संदीप पाटिल उपस्थित रहे एवं उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कंपनी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध एवं कटिबद्ध है। हम लोग हमेशा ऐसे कार्यो के जरिए अपने समुदाय के साथ जुड़ने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिल्ली की अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने हिंडाल्को के सीएसआर विभाग के द्वारा किए गए प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कड़ाके की ठंड में हिंडाल्को द्वारा वितरित किए गए कंबल से सभी लोग काफी लाभान्वित होंगे।यह कदम सचमुच सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। वहीं सिल्ली अस्पताल की प्रमुख डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने हिंडालको द्वारा वितरित किए जा रहे पोषण किट की सराहना की और कहा कि यह कदम समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य सुधार के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम को प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने भी संबोधित किया। हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि हिंडालको हमेशा अपने सामुदायिक कार्यो के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में हिंडालको के सीएसआर हेड अनिल सिंह, आईआर हेड कुमार अभिषेक एवं भरत सिंह समेत अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे साथ ही बंसारूली, लुपुंग, बिसरिया और पिस्का पंचायत के मुखियाओं ने भी हिंडाल्को के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलश यात्रा एवं एकदिवसीय कीर्तन का आयोजन



मांडर। प्रखंड के कंदरी, पुनगी एवं करकरा में शनिवार को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा एवं एकदिवसीय कीर्तन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व बाबा क्लब कमिटी के युवा सदस्यों ने किया। कलश यात्रा की शुरूआत कंदरी तालाब से पूजन के बाद हुई, जिसमें 151 कलश यात्री शामिल थे। यात्रा कंदरी मोड, पुंगी मोड़ होते हुए देवी मंडप पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद तीन बजे से कीर्तन का आयोजन शुरू हुआ जिसका विसर्जन रविवार की सुबह होगा। आयोजन मंडली द्वारा भंडारे के रूप में खिचड़ी एवं खीर का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर बाबा क्लब के सदस्य शिवम पाठक, पवन लोहरा, प्रीतम गोप, गौरव तिवारी, शिवम गोप, तपेश्वर गोप, प्रणव, अभिनव, ओम सत्यव्रत, प्रीतम, सूरज, शुभम, गणेश पाठक, आकाश आचार्य, दीपक पांडे और राजा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज़

### कांग्रेसियों ने असहायों के बीच कंबल का वितरण किया



खलारी। मैक्लुस्कीगंज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असहाय जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान लपरा पंचायत अध्यक्ष विजय मुंडा, अभिमन्यु गोप, राजेश गंझू, किशुन लोहरा, राहुल गुप्ता, संतोष चौधरी, मुकेश ठाकुर, रामदेव मुंडा, बैजू मुंडा, फंडनवीस मिंज, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद



बेड़ो। नरकोपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के चान्हों गांव के समीप शनिवार को करीब 60 वर्षीय एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया है। नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि इसकी मृत्यु संभवतः ठंड लगने से हुई होगी। मृतक का शव रविवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

### रातू : पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

रातू। पुलिस ने थाना कांड संख्या 339/23 के नामजद अभियुक्त और सिमलिया कटहल टोली निवासी 52 वर्षीय धन्नजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह पिछले एक साल से फरार था।

### पेसा कानून को अविलम्ब लागू करने की मांग



अनगड़ा। प्रखंड मुखिया संघ की एक बैठक शनिवार को मुखिया कृष्णा मुंडा की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय परिसर में हुई बैठक में मुख्य रूप से पेसा कानून 1996 पर चर्चा की गयी और सरकार से अविलंब पेसा कानून 1996 को लागू करने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि पेशा कानून आदिवासियों के हित में है जिससे ग्राम सभा और सशक्त होगा और जल जंगल जमीन की रक्षा होगी। साथ ही ग्राम स्वराज स्थानीय स्वशासन व्यवस्था और अधिक मजबूत होगा। ग्रामीण संरचना के विकास को गति मिलेगी। पेशा कानून लागू होने से ही केन्द्रीय वित्त अनुदान की राशि पंचायतों को मिलेगा। बैठक में सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा, सावित्री देवी, भुवनेश्वर बेदिया, सीमा देवी, शांति मुंडा, डोली देवी, क्रिस्टीना तिर्की, राजेश पहान आदि मुखिया गण उपस्थित थे।

### दिशोम गुरु से मिले झामुमो संगठन सचिव: प्रदीप भोगता

खलारी। झारखंड मुक्ति मोर्चा राँची के संगठन सचिव प्रदीप भोगता ने झारखंड राज्य के निमार्ता सह राज्यसभा सांसद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन का जन्मदिन की बधाई देने आवास पहुँचे। श्री प्रदीप भोगता खलारी प्रखण्ड की ओर से ढिशुम गुरु से मिलकर ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना किया।

# अफीम की 18 एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** मुख्य सचिव व डीजीपी के दिशा निर्देश के पश्चात तमाड़ पुलिस अफीम की फसल को नष्ट के लिए युद्धस्तर पर लग गई है। इसी क्रम में शनिवार को थाना क्षेत्र के आराहंगा पंचायत के मुकरुमडीह में वृहद पैमाने पर लगी अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी रोशन कुमार झा को गुप्त सूचना मिली थी कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के जंगल इलाको में व्यापक पैमाने पर अफीम की फसल लगी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कारवाई करते हुए करीब 18 एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर चला कर नष्ट कर दिया। इस अभियान में एसआई प्रवीन मोदी, सअनि सिरिल सांगा सहित एसएसबी बासुकोचा, पियाकुली के जवान शामिल थे।

# कड़िया मुंडा से मिले रामटहल चैधरी व गीताश्री उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**





ओरमांझी। राज्य के पूर्व शिक्षामंत्री सह अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गीताश्री उरांव शनिवार को लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से मिलने पहुंची। कड़िया मुंडा पिछले कई कई दिनों से भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची में इलाजरत हैं। उनसे मिलकर उनका स्वास्थ्य का हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की, कड़िया मुंडा से मिलने उनके साथ प्रदेश महासचिव सुशील उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बिरसा उरांव, रांची महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की, प्रवीण कच्छ्प, सुरेश लकडा भी शामिल थें।

**ओरमांझी।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से पूर्व सांसद रामटहल चैधरी मिलने पहुंचे। कड़िया मुंडा पिछले कई कई दिनों से भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची में इलाजरत हैं। रामटहल चैधरी उनके स्वास्थ्य की जानाकरी ली और उनका कुशलमंगल पुछा, कड़िया मुंडा का स्वास्थ्य में काफी सुधार है। इसकी जानाकरी देते हुए उन्होने कहा पहले की अपेक्षा उनमें काफी सुधार है। उम्मीद है एक-दो दिन में कड़िया मुंडा को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। रामटहल चैधरी के साथ संजय कुमार सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थें।

## समर्पणदीप बीएड कॉलेज में विद्यार्थी परिषद का गठन

# पूजा कुमारी अध्यक्ष और खुशबू बनी सचिव

- 9 अन्य कमेटियां भी गठित
- वोलंटरी के सचिव बने सुरेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



परिषद के नवचयनित विद्यार्थी।

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज के स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी और आईक्यूएसी की ओर से विद्यार्थी परिषद का चुनाव कराया गया। इसमें चालू सत्र के प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। वोटिंग प्रक्रिया के तहत एक साल के लिये हुये चुनाव में पूजा कुमारी अध्यक्ष और खुशबू कुमारी सचिव चुनी गयीं। वहीं, अनुशासन समिति में नेहा तिर्की व अटल टोपनो, वर्कशॉप और सेमिनार कमेटी में श्रद्धा व प्रमिला, सांस्कृतिक में प्रसिला व फूलदेव, मैगजीन में अमृता व अंजली, लाइब्रेरी में सावित्री व निशा, आर्ट एवं क्राफ़्ट में प्रियंका चक्रवर्ती व नूतन, क्लेननेस में रानी, प्रियंका व मेघा, खेल में ममता, जीतराज व अमन एक्का, एनएसएस वोलंटरी के सचिव पद पर सुरेंद्र सत्यम व निकिता का चयन किया गया। कॉलेज के सचिव एनके गुप्ता व प्राचार्य डॉ डी महतो ने शुभकामनाएं दी। संचालन वासिफ शाह व अच्युतानंद मिश्र ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

अभिषेक सिंह, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ सजीत कुमार महतो, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, शिवराज भगत, लक्ष्मी, अभिलाषा, विक्रम, विकास, अंशु, अंकिता , साक्षी, तैयब, खुशबू, अमित, नीलम, सुनीता, उपेन्द्र, आशुतोष, आस्था व इरा आदि।

# झामुमो खलारी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** झामुमो खलारी के कार्यकर्तओं ने शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान की अध्यक्षता में बैंक ऑफ इंडिया खलारी के निकट यूनियन आफिस में मनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने सामुहिक रूप केक काटा एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन के दीघार्यु होने की कामना की। साथ ही सभी ने उनके बतराए मार्ग एवं नीतियों पर चलने एवं उनके सपनों को पुरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान झामुमो खलारी की ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस पर गरीब और असहाय लोगों के बीच 500 कंबल और मीठाई का वितरण का वितरण किया गया। पुरे कार्यक्रम का संचालन राजेश गोप ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष नन्दू मेहता, महेंद्र चौहान, जैनुल खान, मुकेश यादव, चितरंजन सिंह, रंथु उरांव, अरूण यादव, सुनील यादव, राजकुमार गंझू, राजेश प्रसाद, छोटूराम, शंभूदास,कलाम रिजवी, हैदर अली खान, अजीज चौहान, छोटू खान, बसीर खान, कलमतिया भोगता, बिलासो देवी, रितम देवी, शिवानी यादव, चंदा देवी, माया देवी, इस्लाम अंसारी सहित अन्य महिला एवं पुरुषो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री शिल्पी तिर्की ने इटकी प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक


समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को इटकी प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा करते हुए जरूरी जानकारी ली और कई दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने पंचायत सचिवों को 15 दिनों के अंदर जन्म मृत्य प्रमाण पत्र की प्रकिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ ही कहा कि योजना का लाभ हर हाल में लाभुकों को समय सीमा के अंदर मिलना चाहिए। उन्होंने लाभुकों से भी सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक रहने को कहा। साथ ही मंत्री ने इटकी क्षेत्र में हाथियों के आतंक के लिए अधिकारियों द्वारा कैंप लगाने और कैंप के माध्यम से टॉर्च, पटाखा के साथ हाथी को भागने के लिए जरूरी सतर्कता की जानकारी देने को कहा। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अनीस अहमद, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, रमेश महली सहित अन्य मौजूद थे।

# मारांगकिरी-चरकुडीह में आधा दर्जन घरों में लाखों की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


चोरी की घटना को लेकर पूछताछ करती पुलिस।

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी-चरकुडीह गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने घर में ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। विभिन्न घरों से 3 लाख का जेवरात एवं 90 हजार रुपये नगद चोरी होने की बात सामने आया है।

मारांगकिरी गांव के सुभाष प्रमाणिक के घर से 60 हजार रुपये नगद एवं 2 लाख का जेवरात, भूतनाथ पातर के घर से 30 हजार रुपये नगद एवं 15 हजार का जेवरात, चरकुडीह गांव के भीमसेन महतो के घर से 50 हजार रुपये का जेवरात चोरी हुई। शत्रुघन महतो के घर से जेवरात एवं नगदी का भी चोरी हुआ है। इसके अलावे गांव के ग्राम प्रधान मनसा सिंह मुंडा सहित अन्य दो घरों में ताला तोड़ने का प्रयास किया गया था। घर में भी चोरी करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी का हमें कोई भनक तक नहीं लगा। जब सुबह हुआ तब घर का बक्सा जिस जिस घर में चोरी हुआ उन सभी का बक्सा घर से दूर अलग स्थान में फेंका हुआ मिला ।चोरों के द्वारा सिर्फ जेवरात और नगदी को ही ले गए बाकी सामान को फेंक कर चले गये। इधर ग्रामीणों के द्वारा सोनाहातू पुलिस को सूचना दिया गया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार के निदेर्शानुसार एसआई राकेश कुमार घर-घर जाकर घटना का जायजा लिये। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए घटना की छानबीन में लग गई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी दहशत है।

# पर्यटन मंत्री ने पर्यटक स्थलों का निरीक्षण किया

**अनगडा।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू हुण्डरु फॉल सीता फॉल जोन्हा फॉल एवं दशम फॉल का औचक निरीक्षण किया। हुण्डरु फॉल पहुंचने पर मंत्री का झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद एवं संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने बुके देकर स्वागत किया। एवं पर्यटनकर्मियों ने मृतक पर्यटन कर्मी के आश्रितों को काम में रखने स्थायीकरण करने पीएफ जीवन बीमा लागू करने सहित छः सूत्री मांग पत्र सौंपा। पर्यटन मंत्री ने हुण्डरु जोन्हा सीता दशम आदि जलप्रपात पर्यटन स्थल में पर्यटकों की सुविधा के बारे जानकारी लिए। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भविष्य की कार्य योजना के बारे विभाग को दिशा निर्देश दिए। पर्यटन मित्रों ने पर्यटन स्थलों के पेयजल पार्किंग सीढ़ी शौचालय आदि समस्या से अवगत कराये। सुरक्षा व्यवस्था में अनगडा.एवं सिकिदीरी पुलिस तैनात थे। मौके पर अनगडा.प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय अंचलाधिकारी राजू कमल कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया मेघनाथ बेदिया बुधराम बेदिया राजेन्द्र महतो सोहन बेक मनोज बेदिया इत्यादि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं व जिला परिषद ने निमार्णाधीन सड़क का किया निरीक्षण

- जनप्रतिनिधियों ने मैक्लुस्कीगंज में जरूरतमंद के बीच कंबल का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** भाजपा कार्यकर्ताओं व जिला परिषद सरस्वती देवी के द्वारा मैक्लुस्कीगंज में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान नेताओ ने लपरा पंचायत के हेसालोंग शिव मंदिर परिसर व मायापुर पंचायत दूर सुदूर ग्राम परसतारी लगभग 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वही भाजपा नेताओं व जिला परिषद ने मैक्लुस्कीगंज के दो निमार्णाधीन सड़को का निरीक्षण किया गया। निर्माणधीन सड़क हेसालोंग टेना मोड़ से डेगाडेगी नदी तट तक, व हनुमान मंदिर से सरस्वती शिशु विद्यामंदिर तक का सड़क है। बताना चाहते है कि कई महीनों से सड़क निर्माण कार्य बंद है। निर्माण कार्य बंद होने के कारण सड़क पर वाहनों के द्वारा धूल कण घरों व आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इन सभी का शिकायत ग्रामीणों को नेताओ व जनप्रतिनिधियों को आये दिन मिलने के कारण निमार्णाधीन सड़क पर निरीक्षण करने पहुँचे। साथ ही संवेदक को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की हिदायत दिया गया। मौके पर खलारी मंडल भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू, संयोजक रामसूरत यादव, शशि प्रसाद, रविंद्र मुंडा, कुलदीप साहू, दिलीप गंझू, मनोज सिंह, सुरेश प्रसाद साहू, राजेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# पुंगी गांव में डाक चौपाल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** भारतीय डांक विभाग द्वारा शनिवार को प्रखंड के पुंगी गांव मे डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और विशिष्ट अतिथि के रूप मे डाक विभाग के सब डिवीजन डाक अधीक्षक अजय कुमार उपस्थित हुए। अजय कुमार ने बताया कि इस विभाग द्वारा 97 योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं को प्रत्येक जनमानस तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पूरा विभाग अपनी तत्परता से सदैव हर एक लाभुकों के सहायता के लिए खड़ा है। सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी अमिताभ कुमार उर्फ बाबू पाठक ने कहा कि लोगों को डाक विभाग की विश्वसनीयता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र विशेष में अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करना चाहिए और पसीने से पैसा की कमाई को चिट फंड कंपनियों से बचाते हुए सुरक्षित रखें। यह विभाग देश की सबसे द्वितीय प्राचीन कंपनियों में से एक है। साथ ही इस दौरान डाकघर में पैसा जमा करने के संबंध में, सुकन्या योजना की विशेषता, डाक विभाग के कार्यक्रमों एवं हो रहे कार्यो का विवरण विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से दी गई। चौपाल में डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों सहित जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही।

## स्वामी विवेकानंद जी के जीवन की महत्वपूर्ण तिथियां

12 जनवरी 1863 -- कलकत्ता में जन्म

1879 -- प्रेसीडेंसी कॉलेज कलकत्ता में प्रवेश

1880 -- जनरल असेम्बली इंस्टीट्यूशन में प्रवेश

नवम्बर 1881 -- रामकृष्ण परमहंस से प्रथम भेंट

1882-86 -- रामकृष्ण परमहंस से सम्बद्ध

1884 -- स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण; पिता का स्वर्गवास

16 अगस्त 1886 -- रामकृष्ण परमहंस का निधन

1886 -- वराहनगर मठ की स्थापना

अन्य सन्यासियों के साथ स्वामी विवेकानन्द ( 1887 , बड़ानगर )

जनवरी 1887 -- वड़ानगर मठ में औपचारिक सन्यास

1890-93 -- परिव्राजक के रूप में भारत-भ्रमण

25 दिसम्बर 1892 -- कन्याकुमारी में

13 फरवरी 1893 -- प्रथम सार्वजनिक व्याख्यान सिकन्दराबाद में

31 मई 1893 -- मुम्बई से अमरीका रवाना

25 जुलाई 1893 -- वैंकूवर, कनाडा पहुँचे

30 जुलाई 1893 -- शिकागो आगमन

अगस्त 1893 -- हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रो॰ जॉन राइट से भेंट

11 सितम्बर 1893 -- विश्व धर्म सम्मेलन, शिकागो में प्रथम व्याख्यान

27 सितम्बर 1893 -- विश्व धर्म सम्मेलन, शिकागो में अन्तिम व्याख्यान

16 मई 1894 -- हार्वर्ड विश्वविद्यालय में संभाषण

नवंबर 1894 -- न्यूयॉर्क में वेदान्त समिति की स्थापना

जनवरी 1895 -- न्यूयॉर्क में धार्मिक कक्षाओं का संचालन आरम्भ

अगस्त 1895 -- पेरिस में

अक्टूबर 1895 -- लन्दन में व्याख्यान

6 दिसम्बर 1895 -- वापस न्यूयॉर्क

22-25 मार्च 1896 -- फिर लन्दन

मई-जुलाई 1896 -- हार्वर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान

15 अप्रैल 1896 -- वापस लन्दन

मई-जुलाई 1896 -- लंदन में धार्मिक कक्षाएँ

28 मई 1896 -- ऑक्सफ़ोर्ड में मैक्समूलर से भेंट

30 दिसम्बर 1896 -- नेपाल से भारत की ओर रवाना

15 जनवरी 1897 -- कोलम्बो, श्रीलंका आगमन

जनवरी, 1897 -- रामनाथपुरम (रामेश्वरम) में जोरदार स्वागत एवं भाषण

6-15 फरवरी 1897 -- मद्रास में

19 फरवरी 1897 -- कलकत्ता आगमन

1 मई 1897 -- रामकृष्ण मिशन की स्थापना

मई-दिसम्बर 1897 -- उत्तर भारत की यात्रा

जनवरी 1898 -- कलकत्ता वापसी

19 मार्च 1899 -- मायावती में अद्वैत आश्रम की स्थापना

20 जून 1899 -- पश्चिमी देशों की दूसरी यात्रा

31 जुलाई 1899 -- न्यूयॉर्क आगमन

22 फरवरी 1900 -- सैन फ्रांसिस्को में वेदान्त समिति की स्थापना

जून 1900 -- न्यूयॉर्क में अन्तिम कक्षा

26 जुलाई 1900 -- योरोप रवाना

24 अक्टूबर 1900 -- विएना, हंगरी, कुस्तुनतुनिया, ग्रीस, मिस्र आदि देशों की यात्रा

26 नवम्बर 1900 -- भारत रवाना

9 दिसम्बर 1900 -- बेलूर मठ आगमन


10 जनवरी 1901 -- मायावती की यात्रा

मार्च-मई 1901 -- पूर्वी बंगाल और असम की तीर्थयात्रा

जनवरी-फरवरी 1902 -- बोध गया और वाराणसी की यात्रा

मार्च 1902 -- बेलूर मठ में वापसी

4 जुलाई 1902 -- महासमाधि



## युवा दिवस की थीम

**2011** 2011 की थीम थी ह्लसबसे पहले भारत।

**2012** की थीम थी विविधता में एकता का जश्न।

**2013** की थीम थी युवा शक्ति की जागरुकता।

**2014** की थीम थी ड्रग्स मुक्त संसार के लिये युवा।

**2015** की थीम थी ह्लयंगमंच और स्वच्छ, हरे और प्रगतिशील भारत के लिये युवा।(इसका नारा था, 'हमसे है नयी शुरुआत')

**2016** की थीम है विकास, कौशल और सद्भाव के लिए भारतीय युवा।

# युवा भारत को अपने युवाओं से उम्मीद

एनके मुरलीधर

आज समाज और राष्ट्र के बिखरे हुए ऊर्जा के स्त्रोत युवाओं को संगठित और अनुशासित करके उनकी ऊर्जा को किसी सकारात्मक लक्ष्य और समाज उत्थान के कार्य हेतु अगर प्रयोग में लिया गया तो यह युवा शक्ति हर लक्ष्य को भेदती हुई सफलता के नए आयाम गढ़कर देश और समाज को हिमालय की बुलंदियों तक पहुचा सकेगें। इसके लिए उचित शिक्षा, सही मार्गदर्शन एवं अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ताओं व सरकारी तंत्र के पारस्परिक समन्वय की महती आवश्यकता है। अतएव शिक्षा को रोजगारपरक, हिंसामुक्त, क्रियाशील, मूल्यपरक एवं प्रकृति से सम्बन्धित करके ही निर्भय, स्वानुशासित, अहिंसात्मक जीवन दृष्टि वाले, आत्मनिर्भर, सहकारप्रिय एवं गीता में विंणत 'आत्मन्येवात्मना तुष्ट (अपने भीतर स्वयं से तृप्त) युवाओं का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे युवकों के द्वारा ही देश में सामाजिक सौहार्द्र ,सुख-शान्ति व समृद्धशाली समाज की स्थापना की जा सकती है जिसके द्वारा ही आधुनिक सभ्यता के उज्ज्वल भविष्य का सपना साकार हो सकेगा।



### कौन संभालेगा युवाओं को

आज प्रश्न यह है कि युवा शक्ति को संभालने और दिशा देने की सामर्थ्य किसमे है जबकि वर्तमान भारतवर्ष में 13 से 35 वर्ष की आयु वाले लगभग 42 करोड़ यूवाओं की मानवीय पूँजी है जो कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है अर्थात हमारा देश इन दिनो सर्वाधिक युवा देश है जिसमें से 70 प्रतिशत (लगभग 29 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। गॉव में रहने वाले युवाओं तथा शहरों में निवास करने वाले लगभग 13 करोड़ युवा दोनो के रहन-सहन, क्षमता, रूचि, परिवेश, शिक्षा आदि एकदम अलग है। गॉवो की शिक्षा व्यवस्था और शहरों की सुविधाए, दोनो में जमीन-आसमान का फर्क है। इसलिए ग्रामीण युवाओं को आज शिक्षा एवं रोजगाार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो पा रहे हैं और वे विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। जबकि किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति उसके रचनात्मक कार्यो का आधार होती है परन्तु जब युवाओं को अपनी योग्यता व शक्ति का सदुपयोग करने का अवसर नही मिलता तो वह अपने वास्तविक मार्ग से भटक जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति रचनात्मक कार्यो में व्यस्त न रहकर विध्वंसक कार्यो की ओर अग्रसर होती है।

आज हमारे देश में ग्रामीण युवा शक्ति के सामने अनेक गम्भीर चुनौतियां हैं जिनमें आर्थिक विषमता, मूल्यरहित शिक्षा, शिक्षा का रोजगारोन्मुखी न होना, उचित मार्गदर्शन का अभाव एवं टेलीवीजन के द्वारा सेक्स और हिंसा का ग्लैमराइजेशन किया जाना आदि हैं। जिसके कारण उत्पन्न अमीरी-गरीबी की बढती खाई, बेरोजगारी, सामाजिक रिश्तों का अभाव, पारिवारिक विघटन, उपभोगवादी संस्कृति का प्रसार, टूटते सामाजिक-राजनैतिक मूल्यों ने इन युवाओं के भीतर निराशा पैदा कर दी है। आज हमारे देश में उचित मार्गदर्शन के अभाव में भारतीय युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है और कुप्रवृत्तियों की पगडंडियो में भटककर अपराध और आतंकवाद पर चल रही है। कश्मीर में जारी आतंकवादी गतिविधियों तथा देश के कोने-कोने में पैर पसारते नक्सलवाद में गुमराह युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त देश की बढती जनसंख्या ने भी युवा वर्ग को दिशा से भटकने के लिए मजबूर कर दिया है। इन समस्याओं का निदान किए बिना युवा शक्ति को राष्ट्रज



विकास के कार्यो से संलग्न कर पाना संभव न हो सकेगा। आर्थिक विषमता भी युवाओं को मार्ग से भटकाने में प्रेरक तत्व है। आज देश में अधिकांश पूँजी चंद हाथों में है जबकि अधिकांश ग्रामीण युवा निर्धन व अशिक्षित परिवारों से संबन्धित है। धन के अभाव में ये ग्रामीण युवक शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और इनकी प्रतिभा को उचित अवसर नहीं प्राप्त हो पाता है। इसके अतिरिक्त देश की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हो रही है। कृषि योग्य भूमि बढते परिवारों के साथ टुकड़ों में बंटती जा रही है। कृषि से जीवन-यापन संभव नहीं रह गया है। फलस्वरूप युवा वर्ग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर है। शहरो में आकर ये युवक मजदूरी कर अपना पेट भरते हैं। जहाँ पर वे शहरी चकाचैंध से परिचित होते है और भौतिक सुखसुविधाओं की प्राप्ति हेतु गलत रास्तों पर चल पड़ते हैं।

वर्तमान शिक्षा युवाओं को परिश्रम से दूर करती है। अल्प शिक्षा प्राप्त ये युवक कृषि व संबन्धित कार्य करने में शिंमिन्दगी महसूस करते है। ह्लथोड़ा पढा तो गया हल से, ज्यादा पढा तो गया घर से ह्ल कहावत इन पर चरितार्थ होती है। ये युवक कृषि के बजाए नौकरी प्राप्त करने में अपने भविष्य को अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। जिन युवकों की ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त होता है, वे जल्द से जल्द शहरी क्षेत्रों में स्थानान्तरण कराने का प्रयास करते हैं ताकि शहरी जीवन का लाभ उठा सकें। वर्तमान शिक्षा युवाओं में नैतिक मूल्यों का विकास करने में असफल सिद्ध हो रही है। शिक्षा एक व्यवसाय नहीं, वरन संस्कार है। परंतु आज की शिक्षा व्यवसाय ज्यादा नजर आती है। युवा वर्ग कालेजो के माध्यम से ही दुनिया को देखता है। पर शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों कअभाव होने के कारण वह न तो उपयोगी प्रतीत होती है और न ही युवा वर्ग इसमें कोई खास रूचि लेता है। शिक्षा का सीधा संबंध नौकरी या रोजगार से जुड़ गया है। ऐसे में शिक्षा की व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगने लगाा है।ऐसे में युवा वर्ग की सक्रियता हिंसात्मक कार्यों, उपद्रव, हड़तालों, अपराधों और अनुशासनहीनता के रूप में ही दिखाई देती है। शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों के अभाव ने युवाओं को नैतिक मूल्यों के सरेआम उल्लंघन की ओर अग्रसर किया है।मसलन मादक द्रव्यों व ध्रूमपान की आदतें, यौन शुचिता का अभाव आदि ने विद्यालयों को विद्यास्थल के बजाए राजनीतिक अखाड़ा, असामाजिक व अनैतिक कार्यों की जन्मस्थली बना दिया है। दुर्भाग्यवश आज के गुरूजन भी प्रभावी रूप में सामाजिक व नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में असफल रहे। युवाओं के समक्ष एक अन्य चुनौती उचित मार्गदर्शन का अभाव है। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है, पर जब नेतृत्व ही भ्रष्ट हो तो युवाओं का क्या? किसी दौर में युवाओं के आदर्श गांधी, नेहरू, विवेकानन्द, आजाद, सुभाष जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श वही हैं जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियां, विश्वसुन्दरियां, भ्रष्ट अधिकारी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ और अपराध जगत के डान आदि उनके आदर्श बन गए हैं। फलस्वरूप अपनी संस्कृति के प्रतिमानो और उद्यमशीलता को भूलकर रातोरात ग्लैमर की चकाचैंध में वे शीर्ष पर पहुॅचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती, उसी प्रकार बिना उद्यम के ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।

### विवेक कथन

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद द्वारा कहे गये कथन निम्न प्रकार हैं :

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखों न कि लहरों की तरफ।- कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। धर्म आदमी में पहले से ही देवत्व की अभिव्यक्ति है। धन पाने के लिये कड़ा संघर्ष करों पर उससे लगाव मत करो

जो गरीबों में, कमजोरों में और बिमारियों में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं।

प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।

दिन में एकबार खुद से बात अवश्य करों......नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे।

मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। ह्लकाम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिये।

पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है।

महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

मृत्यु तो निश्चित हैं, एक अच्छे काम के लिये मरना सबसे बेहतर हैं। हमारे देश को नायकों की जरुरत हैं, नायक बनों, तुम्हारा कर्तव्य हैं काम करते जाओ और फिर सभी तुम्हारा खुद अनुसरण करेंगे। स्वामी विवेकानंद

उठो, जागों और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों। आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएँ रहती हैं झ धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

एक बच्चा इंसान का पिता होता हैं । एक बूढे. आदमी के लिये ये कहना कहा तक उचित हैं कि बचपन पाप हैं या युवा अवस्था पाप है। स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय

**युवा नीति 2014**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिलहाल लागू राष्ट्रीय युवा नीति 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के शुभरंभ की मंजूरी दी है। राष्ट्रीय युवा नीति 2014 का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उदेश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं।

### राष्ट्रीय युवा नीति 2014

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिलहाल लागू राष्ट्रीय युवा नीति 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के शुभरंभ की आज मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय युवा नीति 2014 का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उद्देश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं।

### राष्ट्रीय युवा दिवस क्यों मनाया जाता है

स्वामी विवेकानंद के विचार, दर्शन और अध्यापन भारत की महान सांस्कृतिक और पारंपरिक संपत्ति हैं। युवा देश के महत्वपूर्ण अंग हैं जो देश को आगे बढाता है इसी वजह से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और विचारों के द्वारा सबसे पहले युवाओं को चुना जाता है। इसलिये, भारत के सम्माननीय युवाओं को प्रेरित करने और बढावा देने के लिये हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की शुरुआत हुई। कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाने के लिये स्कूल और कॉलेज को रुचिकर ढंग से सुसज्जित करते हैं। स्वामी विवेकानंद एक महान इंसान थे जो हमेशा देश की ऐतिहासिक परंपरा को बनाने और नेतृत्व करने के लिये युवा शक्ति पर विश्वास करते थे और मानते थे कि विकसित होने के लिये देश के द्वारा कुछ उन्नति की जरुरत है।



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान, मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो गया। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी हुई है। शमी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। टूनामेंट के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके बाद उनकी साल 2024 की शुरूआत में टखने की सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वापसी की। बीच में खबर आई थी कि तेज गेंदबाज बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस संबंधी कारणों से ऐसा संभव नहीं हो सका। अब शमी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 34 वर्षीय गेंदबाज की टीम में वापसी हुई है। ऐसे में चयनकताओं की नजरें उनके प्रदर्शन और फॉर्म पर होंगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के अलावा तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी, जिसके लिए अब तक बीसीसीआइ ने भारतीय टीम का एलान नहीं किया है। शमी को आखिरी बार टी20 विश्व कप 2022 में इस प्रारूप में खेलते देखा गया था। इसके बाद से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई टी20 मैच नहीं खेला है। शमी के नाम 23 टी20 मैचों में 24 विकेट दर्ज हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया

- सूर्यकुमार यादव (कप्तान)
- संजू सैमसन (विकेटकीपर)
- अभिषेक शर्मा
- तिलक वर्मा
- हार्दिक पांड्या
- रिंकू सिंह
- नीतीश कुमार रेड्डी
- अक्षर पटेल (उपकप्तान)
- हर्षित राणा
- अर्शदीप सिंह
- मोहम्मद शमी
- वरुण चक्रवर्ती
- रवि बिश्नोई
- वाशिंगटन सुंदर
- ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

**सूर्यकुमार कप्तान और अक्षर होंगे उनके डिप्टी**

इंग्लैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ही टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे, जबकि अक्षर पटेल उपकप्तानी का जिम्मा संभालते दिखेंगे। इसके अलावा टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाजों को शामिल किया गया है। इनमें संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल शामिल हैं। टीम में ज्यादातर उन खिलाड़ियों को मौका मिला है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**नीतीश, सुंदर और हर्षित भी टीम में शामिल**

जितेश शर्मा की जगह ध्रुव जुरेल की टीम में एंट्री हुई है। स्टार ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भी रमनदीप सिंह की जगह शामिल किया गया है। युवा बल्लेबाज ने हाल ही में आस्ट्रेलिया दौरे पर दमदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इसके अलावा वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा भी टी20 सीरीज में खेलते नजर आएंगे। ये दोनों गेंदबाज आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। हैरानी की बात यह है कि इस टीम में शिवम दुबे और रियान पराग को मौका नहीं मिला है। वहीं, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है।

## सात्विक-चिराग का अभियान हुआ समाप्त

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी से हारकर मलेशिया ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 40 मिनट में सीधे गेम में 10-21, 15-21 से हार गयी। इस परिणाम के साथ ही 1,450,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले वर्ष के पहले सुपर 1000 टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी समाप्त हो गया। टूनामेंट के पिछले संस्करण में सात्विक-चिराग उपविजेता रहे थे। भारतीय जोड़ी की शुरूआत धीमी रही, शुरूआती गेम में वे 6-11 से पीछे चल रहे थे। कोरियाई जोड़ी ने इस गति का लाभ उठाते हुए पहला गेम मात्र 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया है। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की और हाफ टाइम तक 11-8 से आगे चल रहे थे। हालांकि, उनका यह लाभ ज्यादा देर तक नहीं रहा और वे अंततः 15-21 से हार गए, जिससे प्रतियोगिता में उनका तीन मैचों का विजयी क्रम समाप्त हो गया. शुक्रवार को भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी टेओ को 49 मिनट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सीधे गेमों में 26-24, 21-15 से हराया था। मैच के बाद भारतीय जोड़ी ने कहा, 'हमने उन्हें टूनामेंट में पहले भी खेलते देखा था और हम तैयार थे। लेकिन मुझे लगा कि उन्होंने आज वास्तव में अच्छा खेला और हम अपने गेमप्लान का थोड़ा सा पालन कर सकते थे। मुझे लगा कि हमने बस एक अच्छा प्रदर्शन किया. हमें किसी भी चीज के बारे। में शिकायत नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह खेल का एक अभिन्न अंग है और यह हमारे लिए एक अच्छी सीख है। हम उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं क्योंकि वे वास्तव में अच्छा खेल रहे हैं।

इससे पहले भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन, एच.एस. प्रणय, प्रियांशु राजावत, मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को टूनामेंट के शुरूआती चरणों में ही बाहर कर दिया गया था। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक-चिराग अब 14 जनवरी से शुरू होने वाले इंडिया ओपन में भाग लेंगे, जहां उनका सामना 32वें राउंड में मलेशिया के वेई चोंग मैन और काई वुन टी से होगा. पूर्व विश्व नंबर 1 जोड़ी

## सात्विक-चिराग का अभियान हुआ समाप्त



**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी से हारकर मलेशिया ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 40 मिनट में सीधे गेम में 10-21, 15-21 से हार गई। इस परिणाम के साथ ही 1,450,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले वर्ष के पहले सुपर 1000 टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी समाप्त हो गया। टूनामेंट के पिछले संस्करण में सात्विक-चिराग उपविजेता रहे थे। भारतीय जोड़ी की शुरूआत धीमी रही, शुरूआती गेम में वे 6-11 से पीछे चल रहे थे. कोरियाई जोड़ी ने इस गति का लाभ उठाते हुए पहला गेम मात्र 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया है। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की और हाफ टाइम तक 11-8 से आगे चल रहे थे। हालांकि, उनका यह लाभ ज्यादा देर तक नहीं रहा और वे अंततः 15-21 से हार गए, जिससे प्रतियोगिता में उनका तीन मैचों का विजयी क्रम समाप्त हो गया। शुक्रवार को भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी टेओ को 49 मिनट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सीधे गेमों में 26-24, 21-15 से हराया था।

# महिला हॉकी इंडिया लीग आइपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी। हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था। रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा। हरियाणा की 30 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को लगता है कि एचआइएल सही समय पर आई है जब महिला हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद बदलाव की कोशिश कर रही है। रानी ने साई मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीते क्योंकि इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग द्वारा रखी गई थी। अब महिला एचआईएल की शुरूआत के लिए धन्यवाद, हमें 2032 और 2036 ओलंपिक में कई प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखने को मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। एचआइएल की शुरूआत 2013 में छह पुरुष टीमों के साथ हुई थी। बड़े पैमाने पर व्यावसायिक कारणों से बंद होने से पहले इसे पांच साल तक खेला गया था। इसे सात साल बाद एक अतिरिक्त महिला लीग के साथ पुनर्जीवित किया गया। महिला क्रिकेट की प्रमुखता के संदर्भ में महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की सफलता को याद करते हुए रानी ने आगे कहा, महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आइपीएल (डब्ल्यूपीएल) के माध्यम से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इस खेल का अनुसरण करना शुरू कर दिया। रानी ने 'वॉल' श्रीजेश को भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कोच के रूप में सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा, श्रीजेश के पास लगभग 20 वर्षों का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। जूनियर टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी क्योंकि उन्हें पता चल जाएगा कि उच्च स्तरीय दबाव की स्थिति में कैसे प्रदर्शन करना है। कोचिंग मानसिकता के बारे में बात करते हुए रानी ने कहा कि उनमें और श्रीजेश में कुछ चीजें समान हैं। उन्होंने कहा, मैं महिला एचआईएल के दौरान युवाओं के साथ भी वही ज्ञान और अनुभव साझा करना चाहती हूं ताकि उन्हें भावनात्मक और मानसिक रूप से मदद मिल सके।



## गिफ्टी के गोल से उड़ीसा ने दिल्ली हॉप्स को हराया

**नयी दिल्ली।** उड़ीसा की नीता फुटबाल अकादमी ने घाना की गिफ्टी अचीम्पोग के शानदार गोल की बदौलत मेजबान दिल्ली के हॉप्स फुटबाल क्लब को 1-0 से हरा कर इंडियन विमेंस लीग में अभियान शुरू किया। हल्की बूंदाबन्दी और ठन्डे मौसम के बीच शनिवार यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों को जमने में समय लगा। उतार चढाव वाले खेल के 80वें मिनट में एकमात्र गोल देखने को मिला लेकिन इस बीच उड़िया टीम ने कुछ बेहतर मौके जुटाए और गंवाए।

# आयरलैंड पर जीत के लिए उतरेगी भारतीय महिला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ खेली जा रही 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मैच खेलने के लिए रविवार को मैदान पर उतरेगी। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली टीम इंडिया की टक्कर दूसरे वनडे में 12 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में गैबी लुईस की कप्तानी वाली आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम से होने वाली है।

**कितने बजे शुरू होगा मुकाबला**

इस मैच की शुरूआत दोपहर 11 बजे से होगी। मुकाबले को जीतकर टीम इंडिया सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। इस सीरीज में पहला वनडे मैच जीतकर भारतीय टीम 1-0 से आगे है। अब उसके पास मौका होगा कि वो दूसरे वनडे को अपने नाम कर सीरीज 2-0 के साथ अपने नाम कर ले। इस मैच की पिच बैटिंग विकेट रहने वाली है, यहां गेंदबाजों के लिए भी मदद है, नई गेंद से तेज गेंदबाज और पुरानी गेंद के साथ स्पिनर एक्शन में नजर आएंगे.इस मैदान पर हुए पहले मैच के आंकड़े इसी बात की गवाई देते हैं। भारत ने आयरलैंड को पहले वनडे मैच में 6 विकेट से हराया था। मैच में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 238 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम इंडिया ने 239 रनों के लक्ष्य को 34.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 241 रन बनाकर हासिल कर और 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए प्रतिका रावल ने 96 गेंदों में 10 चौके और 1 छक्के के साथ 89 रन बनाए. तेजल हसब्निस ने 45 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 60 रन बनाये। स्मृति मंधाना ने 29 गेंदों में 6 चौके और 1 छक्के के साथ 41 रनों की पारी खेली। जिनसे भारतीय गेंदबाजों को बचकर रहना होगा।

## महाराष्ट्र ने पंजाब को 70 रन से हराया

**वडोदरा।** अर्शिन कुलकर्णी (107) के शतकीय प्रहार के बाद मुकेश चौधरी (44 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से महराष्ट्र ने विजय हजारे ट्राफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब को आसानी से 70 रन से हरा दिया। कोटाम्बी स्टेडियम पर महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये छह विकेट पर 275 रन बनाये जिसके जवाब में पंजाब की पूरी टीम 44.4 ओवरों में 205 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। महाराष्ट्र की जीत में अर्शिन के अलावा अंकित वावने (60) और निखिल नाइक की 52 रनो की धुआंधार नाबाद पारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्लेयर आफ द मैच चुने गये अर्शिन ने अपनी शतकीय पारी में 137 गेंद खेल कर 14 बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया



# रांची में आज से शुरू होगी पहली महिला हॉकी लीग


**रांची।** पहली बार महिला हॉकी इंडिया लीग यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में रविवार से शुरू होगी। पहला मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेला जायेगा। दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि महिला एचआइएल आखिरकार शुरू हो रही है और हमें दिल्ली एसजी पाइपर्स से पहला मैच खेलने का मौका मिल रहा है। पूरी टीम कल अच्छे खेल की उम्मीद कर रही है। मेरा मानना है कि हम काफी युवा टीम हैं और लीग के आगे बढ़ने के साथ-साथ बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## गोल्ड कप फुटबॉल का फाइनल मैच दुबलिया बनाम बुढ़मू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची कांके प्रखंड के चारी हुजिर मैदान में स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर रांची के चंदवे क्षेत्र के चारी हुजिर मैदान में 13वी गोल्ड कप का फाइनल मैच रविवार को होना है। मुख्य अतिथि झारखंड राज्यपाल, रांची संसद संजय सेठ राज्य सभा सांसद आदित्य साहु विजय टीम को गोल्ड कप का प्रथम पुरस्कार 3 लाख दूतीय 2 लाख तृतिय 50000 हजार चतुर्थ को भी 50000 हजार दिया जायेग। अन्य शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राशि वा कप दिया जायेगा। शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला बीपीएसएस दुबलिया बनाम अंश क्लब कांके के बिच खेला खेला गया। जिसमें दुबलिया की जीत हुई नाइट में खेला गया मैच बुढ़मू बनाम समेरा दल्ला दिल्ली बुढ़मू टीम 3-1से शनदार जीत दर्ज की आज का मैच का उदघाटन रियल एस्टेट के निदेशक, संजीव कुमार सिन्हा, रांची ग्रामीण भाजपा का महामंत्री नरेंद्र कुमार, सुबोध साहु, लक्ष्मण साहु, दुबराज साहु, मंडल अध्यक्ष महानंद महतो पूर्व कांके प्रमुख सुदेश उरांव, असलम जी, चंदवे मुखिया गुरुचर्ण मुंडा, प्रीतम सिंह सुरेंद्र महतो, साधो उरांव, रंजन कुमार, भरत साहु, रंजन कुमार, पप्पू महतो, सतीश सिंह अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के उद्देश्य को लेकर कसमार प्रखंड के सभागार में ग्राम पंचायतों के सहजकताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कसमार प्रमुख न्योति कुमारी दे ने किया। प्रखंड समन्वयक सुबोध कुमार प्रजापति ने बताया कि सहजकताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले चरण में प्रखंड के 15 पंचायतों में से सोनपुरा दाँतू पोंडा कसमार गर्री मंजूरा बरइकला और मधुकरपुर इन 8 पंचायतों के सहजकताओं का प्रशिक्षण 11 जनवरी तक होगा बाकी के 7 पंचायतों के सहजकताओं का प्रशिक्षण द्वितीय चरण में 16 से 18 जनवरी तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन के प्रशिक्षण में सहजकताओं को प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताते हुए वार्षिक कार्य योजनाओं को लेकर विभिन्न पहलुओं पर दिशा निर्देश दी गई। उक्त प्रशिक्षण शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा चन्दना मिश्रा तथा सुप्रतीक बर्मन को प्रशिक्षक प्रतिनियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मधुकरपुर मुखिया राजेंद्र महतो ने बताया कि पंचायतों के सहजकर्ता दल में पंचायत सचिव रोजगार सेवक मुखिया द्वारा एक नामित वार्ड सदस्य पंचायत के अंतर्गत आनेवाले जेएसएलपीएस का एक सदस्य एक स्वास्थ्य सहिया के अलावे एक आंगनबाड़ी की सेविका शामिल हैं जिन्हें प्रशिक्षित कर पंचायत को सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में बीडीओ नम्रता जोशी बीपीआरओ भुनेश्वर तुरी के अलावे शामिल पंचायतों के सहजकर्ता दल उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब चास ने विधायक श्वेता सिंह को किया सम्मानित

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में 23वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक श्वेता सिंह उपस्थित रहीं। क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहां कि सामाजिक एवं सेवा कार्यों से रोटरी क्लब चास ने बोकारो में एक अलग विशिष्ट पहचान बना ली है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने इस अवसर पर क्लब की सामुदायिक सेवा एवं मानवीय कार्यों में 23 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का संक्षिप्त में वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही रोटरी का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि श्वेता सिंह ने कहा कि सेवा क्षेत्र में रोटरी क्लब चास का समाज में प्रभावशाली योगदान रहा है।उन्होंने आशा व्यक्त की कि चास उपनगर को संवारने में रोटरी क्लब चास अपना योगदान देगा। समारोह में श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया गया। मौके पर क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों ने शॉल ओढ़ाकर श्वेता सिंह को सम्मानित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने लेपल पिन लगाकर श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया।

### वेदांता ईएसएल ने एसएससी जीडी परीक्षा में

# छात्रों की उपलब्धियों का मनाया गया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने कर्मचारी चयन आयोग सामान्य ड्यूटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20 जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे। वेदांता ईएसएल में वेल्डर के रूप में कार्यरत सौरेश महथा के पुत्र एक्सेल-30 सेंटर के छात्र सोमनाथ महथा को बीएसएफ में शामिल होने का प्रतिष्ठित अवसर मिला है। उसरडीह गाँव निवासी एक अन्य छात्र शुभम तिवारी एवं डुमरदाह गांव निवासी धर्मदास महतो की पुत्री पूनम कुमारी का चयन सीआईएसएफ में सेवा के लिए हुआ है। इसके अलावा छह अन्य छात्रों ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जो एक्सेल-30 सेंटर की उत्कृष्टता को और उजागर करता है। सोमनाथ शुभम और पूनम की उपलब्धियां प्रतिभा को निखारने और युवाओं को बहुमूल्य अवसर प्रदान करने में




मदद करने के लिए वेदांता ईएसएल के समर्पण का प्रमाण हैं। इस अवसर पर ईएसएल स्टील के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि इन तीन छात्रों की उपलब्धियों पर पुरे कंपनी को गर्व है जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई है। उनके परिवारों के साथ वेदांता ईएसएल इस गर्व को साझा करता है क्योंकि ये छात्र एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वेदांता ईएसएल में हम ग्रामीण युवाओं को ऐसे अवसर प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल उनके जीवन को बदलते हैं बल्कि पूरे समुदाय का उत्थान भी करते हैं।

## खबर एक नजर में

### शिक्षकेत्तर कर्मी की तालाबंदी की ताला तोड़ समाप्त कराना दुर्भाग्यपूर्ण: महासचिव

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आंदोलनरत कर्मचारियों द्वारा तालाबंदी में लगाए गए तालों को तोड़ने की घटना से सभी कर्मचारी आहत है। इस सच का उजागर अबतक नहीं हो पाया कि आखिर किसके कहने पर रात में दुमका प्रशासन द्वारा तालाबंदी हटाया गया। जिला प्रशासन, राज्य सरकार या विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया यह जांच का विषय है। जबरन तालाबंदी समाप्त करने से कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। बहरहाल आनन-फानन में की गई इस घटना पर महासंघ महासचिव नेतलाल मिर्धा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैया को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इसी बीच आज कर्मचारियों की एक बैठक आहूत हुई। बैठक कर आंदोलन को उग्र करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकेत्तर कर्मी महासंघ संग आज विश्वविद्यालय प्रशासन संग की आहूत बैठक में अनुरोध किया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव के साथ हुई वार्ता के क्रम में वेतन निर्धारण को लेकर पुनः सभी कागजातों को लेकर निदेशालय आये।

### तसर कल्चर को पर्यटन की दिशा में गति प्रदान कर जनमानस तक बढ़ावा देने की है आवश्कता: डीएफओ

**दुमका।** तसर रेशम उद्योग आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजन किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डा एनबी चौधरी के उपस्थिति में डीएफओ सात्विक व्यास के नेतृत्व में हुई। इस चर्चा के तहत खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार के देखरेख में विकसित किए जा रहे पर्यटन स्थल मसानजोर दुमका का तसर संस्थान के टीम ने दौरा किया। तसर रेशमकीट के प्रमुख खाद्य पौधे अर्जुन का मसानजोर में पौधरोपण किया गया। संथाल परगना तसर रेशम उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। जहां राज्य का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन होता है। इस उद्योग से हजारों लोग जुड़े हैं। मसानजोर दुमका में तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों को भी और बढ़ावा देने के लिए डीएफओ ने प्रतिबद्धता व्यक्त किया। इस दौरान पर्यटन को गति देते हुए तसर धगाकरण एवं वस्त्र निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने की इच्छा व्यक्त किया। तसर कोशों का लाखों की संख्या में उत्पादन होता है। पर्यटन की दृष्टि से तसर धागाकरण एवं वस्त्र निर्माण को मसानजोर परिक्षेत्र बेहतर स्थान है। मौके पर संस्थान के वैज्ञानिक डा जयप्रकाश पांडेय एवं डा शांताकार गिरी ने भी इस चर्चा में सहभागिता निभाया।

### झामुमो कार्यालय में मना गुरु जी का जन्मोत्सव

**बेरमो।** निर्मल महतो करगली गेट के कार्यालय मे झामुमो फुसरो नगर समिति द्वारा दीपक महतो के नेतृत्व में बड़े धुम धाम से माननीय शिबू सोरेन उर्फ गुरूजी को जन्मदिन मनाया गया। बोकारो जिला सचिव जयनरायन महतो, जिला संयुक्त सचिव एकबाल अहमद जिसमें मुख्य रूप से बोकारो जिला,युवा नेता भोलू खान, संयुक्त सचिव पान बाबू केवट, फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो, गोविंद रजक आदि उपस्थित थे।

### गोमिया विधायक सह मंत्री ने लिपिक संघ को दिया आश्वासन

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया विधायक सह झारखंड पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र अधिवक्ता लिपिक संघ का भवन तेनुघाट में बनेगा। मालूम हो कि तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के द्वारा वर्ष 2019 में तत्कालीन गोमिया विधायक बबीता देवी को एक आवेदन देकर लिपिक संघ भवन निर्माण की मांग की थी। तब माननीय विधायक महोदया के अनुशंसा पर जल संसाधन विभाग के द्वारा जमीन की अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए अग्रतर करवाई के लिए समर्पित किया गया था।

### एसडीओ और तेनुघाट मुखिया पति ने संयुक्त रूप से किया कम्बल वितरण

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेनुघाट पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार मछुआ और पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से तेनुघाट राजा मुहल्ला में ठण्ड को देखते हुए असहाय और दिव्यांग लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगो से अपील की अभी शीतल लहरी चल रहा है घर में ही रहे ठण्ड से बचे यदि काम न हो तो घर में ही रहे। वहीं इस मौके पर पंचायत के कई गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

### वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

**बेरमो।** रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी ने शनिवार को एक भेंट के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि नव वर्ष के शुभ अवसर पर मोर्चा द्वारा कथारा स्थित स्टाफ क्लब में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा जी के अलावे मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू, उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन तथा जारंगडीह शाखा सचिव फिनीराम सोरेन आदि शामिल होगे।

### कुदुस अंसारी के घर पर आयोजित उनके पिता जी के चेहल्लुम कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

**बेरमो/ललपनिया।** शनिवार को माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड के योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंडके लोधी में झामुमो के वरीय कार्यकर्ता कुदुस अंसारी के घर पर आयोजित उनके पिता जी के चेहल्लुम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सुख हो या दुःख हर घड़ी में झामुमो परिवार आपके साथहमेशा खड़ा है।

### नशेड़ियो ने सर्विसिंग सेंटर कर्मी को बुरी तरह पिटा

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत कथारा से खेतको असनापानी जाने वाली मुख्य चौक पर स्थित स्वच्छता सर्विसिंग सेंटर में कार्यरत गोमिया निवासी कर्मी अशफाक अंसारी को बीते रात्रि कुछ अज्ञात नशेड़ियो ने बुरी तरह पिट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सर्विसिंग सेंटर कर्मी हर दिन की तरह रात में वहीं रुका हुआ था। इसी बीच हो हल्ला सुन कर वह कमरे से बाहर निकला तो देखा कि कुछ लोग वहां जमा हो गाली गलौज कर रहे थे और पास के दुकानदार से कुछ मांग कर रहे थे।

### सीआइडी ने गोमिया में सहारा इंडिया शाखा को किया सील, निवेशकों की बढ़ी परेशानी

**बेरमो।** शुक्रवार को अपराध अनुसंधान विभाग ने गोमिया बैंक मोड़ स्थित सहारा इंडिया ब्रांच ऑफिस को सील कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान गोमिया के अंचल अधिकारी अफताब आलम भी मौजूद थे। सीआइडी के इंस्पेक्टर बासुदेव कुमार आर्या ने बताया कि यह कार्रवाई डीजीपी के आदेश पर की गई है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई-इंस्पेक्टर आर्या ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस ब्रांच में अब भी पैसा जमा किया जा रहा है। इसी आधार पर कार्यालय को सील किया गया। हालांकि, जांच के दौरान ऐसी कोई गतिविधि सामने नहीं आई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम केवल उच्च अधिकारियों के आदेश पर उठाया गया है।

## बीएसएल में एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम संपन्न

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी' 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 90 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## भारी मोटर वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की हुई जांच

**दुमका।** जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियाच चला बड़ी और छोटी गाड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का कार्य किया गया। जिससे रात में गाड़ियां स्पष्ट रूप से दिखाई दें और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये। डीटीओ जयप्रकाश करमाली ने वाहन चालकों को ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक अभय किशोर देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, समिति सदस्य मनोज कुमार घोष, अमरेन्द्र सुमन, मनोज उरांव, अमित कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## होमगार्ड जवान की आसामयिक निधन से विभाग में फैली शोक की लहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा गोड्डा में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान 1138 आनंद कुमार ओस्ता सुबह करीब 4:50 वजे दिल का दौरा बढ़ने से आनन फानन में गार्ड प्रभारी महिकान्त पासवान एवं वहां प्रतिनियुक्त जवानों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गार्ड प्रभारी ने तुरंत एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा को इसकी जानकारी दी श्री कुशवाहा तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे और सारी बातों से अवगत हुए। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह एवं निरीक्षक अकिलयस तिर्की को फोन कर जानकारी दी।इस खबर को सुनते ही जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह एवं निरीक्षक अकिलयस तिर्की तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे वहीं मौके पर विधायक हेमलाल मुर्मू एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रेम नंदन भी सदर अस्पताल पहुंच कर इसकी जानकारी लिया साथ ही कहा सरकार द्वारा जो भी देय होगा जल्द ही करवाने का भरोसा दिया। मृतक आनंद को जिला समादेष्टा कार्यालय में शोक सलामी दी गई साथ ही जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा तिरंगा झंडा एवं अकियस तिर्की द्वारा फूल गुच्छ देकर होमगार्ड कार्यालय से नमन आंखों से विदाई दी। साथ ही तत्काल दाह संस्कार के लिए विभाग द्वारा 5000/की राशि जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा दी गई। मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार यादव, महिकान्त पासवान, कैलाश यादव, मणिकांत झा,कन्हय लाल यादव, इम्तियाज आलम, बाबूजी मरंण्डी आदि दर्जनों एसोसिएशन के साथियों ने गहरी दुःख व्यक्त किया। प्रदेश संरक्षक सह अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा आनन्द बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे अचानक ऐसे दुसरी घटना है पहले सावन डियुटी में विजय मंडल का भी इस तरह का घटना हुई। जिले में ऐसी घटना से पूरा विभाग में शोक मग्न है।

## डालमिया सीमेंट ने अपनी 'आरसीएफ एक्सपर्ट' सीमेंट रेंज का किया अनावरण

**बोकारो।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने भारतीय बाजारों में 'रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट' ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट++ और डीसी आरसीएफ एक्सपर्ट उन्नत फॉमूर्लेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी से लैस हैं जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## एसकेएमयू में 46 दिन बाद प्रशासनिक व शैक्षणिक कार्य सुचारू रूप से पुनः हुआ शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में करीब डेढ़ माह बाद शनिवार से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया। विदित हो कि शुक्रवार की शाम राज्य सरकार के निर्देश पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में आंदोलनकारी कर्मचारियों ने परिसर के सभी भवनों पर लगाए गए ताले हटा दिए गए थे। विशेष परिस्थिति में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में आंदोलनकारी शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी बुलाया गया था।

### बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस पर

## गोड्डा अस्पताल में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा गोड्डा समिति के द्वारा बाबा दिसोंम गुरु शिबू सोरेन जी का 81 वाँ जन्मदिन सदर अस्पताल गोड्डा में मरीजों के बीच केक काटकर एवं कंबल वितरण कर मनाया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम गुरु जी के तैल चित्र के सामने केंडिल जलाकर केक काटा गया। फिर स्ट्रेचर पर कम्बल रखकर अस्पताल के सभी वार्डों में घूम घूम मरीजों को इस ठिठुरती ठंड में बेड पर झामुमो कार्यकताओं के द्वारा कम्बल मुहैया कराया गया। अंत में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रवक्ता राजेश मंडल ने कहा आज हम सभी गोड्डा जिला झामुमो कार्यकर्ता गुरु जी के 81 वाँ जन्मदिन बड़े गौरव के साथ मनाया।उनके संघर्षों के इतिहास के साथ साथ गरीब असहाय लोगों के जनसेवा को ध्यान में रखते हुए मरीजों को कम्बल मुहैया कराया है।साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प उठाया है। वहीं जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने कहा कि आज तक जिस तरह से गुरु जी का आशीर्वाद हम लोगों को मिलते आया है आगे भी लंबे समय तक आशीर्वाद मिलता रहे ,ईश्वर से कामना करते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन, केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रवक्ता सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, जिला सचिव मो अजीमुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, शमशाद अंसारी, राज कुमार दास आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों द्वारा घर से सोने व चांदी के आभूषण की चोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** एक जनवरी 2025 को बलबड्डा थाना क्षेत्र के कुमरडीहा ग्राम में अज्ञात चोरों द्वारा घर से सोने व चांदी के आभूषण की चोरी की गई थी। जिसके संदर्भ में बलबड्डा थाना कांड संख्या 03/25 अंकित त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ महागामा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कांड में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनो युवक मेहरमा थाना क्षेत्र का निवासी है। एस डी पी ओ महगामा चंद्र शेखर आजाद के नेतृत्व में बलबड्डा थाना प्रभारी और कुछ पदाधिकारी के सहयोग से चोरी गई सारा सामान बरामद कर चोरो को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

## तालाब में नहाने के दौरान किशोर के डूबने से मौत, शव की तलाश जारी

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के सालतोला पंचायत के भोड़ाबाली गांव में भूमि संरक्षण विभाग के तहत बने तालाब में शनिवार की दोपहर नहाने के क्रम में एक नाबालिग युवक का डूबकर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग 17 वर्षीय युवक रसिक सोरेन उम्र लागभग 17 वर्ष बताया जा रहा है। मामले में रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को खोजने में जुट गये। बताया जा रहा है कि तालाब में काफी गहराई है। तालाब में लागभग आठ फीट पानी है। स्थानीय लोगो के मदद से तालाब में नेट (मछली पकड़ने वाला जाल) चलाया। लेकिन बच्चे का शव नही मिला।

# स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस सह पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शनिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्या भारती झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी, धनबाद विभाग के प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय उपस्थित रहे। अपने विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पाण्डेय, स्टाफ क्वार्टर विद्या मंदिर के अध्यक्ष ओम शंकर सिंह, सचिव सुमित बंसल एवं प्रधानाचार्य परमानंद सिंह, पूर्व आचार्य के रूप में सुनील चंद्र झा, प्रभुनाथ मिश्र,उपेंद्र कुमार सिंह,आचार्या सविता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिनका स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना सभा में मुख्य अतिथि अजय तिवारी धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय,अमित कुमार सिंह, दीपक कुमार अग्रवाल, धीरज कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा सामूहिक रूप से विवेकानंद जी के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया।प्रधानाचार्य के द्वारा अतिथियों का परिचय सह स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। अतिथियों का स्वागत बहनों ने स्वागत गीत के साथ किया।कार्यक्रम की प्रस्तावना विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय के द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने आए हुए पूर्व भैया बहनों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र भैया बहन विद्या भारती रूपी वृक्ष की शाखाएं है,जो आज विश्व के अलग अलग देशों में भारत का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भैया बहन ही विद्या भारती की मूल पूंजी है।



### कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती

**बेरमो।** कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्य सह निदेशक डीएवी स्कूल झारखंड जोन बिपिन राय एवं सभी शिक्षकों ने विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया। प्राचार्य श्री राय ने आज के दिन की सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं, जो अपने जीवन के बाद भी लोगो को निरंतर प्रेरित करने का कार्य करते हैं।

### स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मना

**बेरमो।** शनिवार की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस दीप प्रज्ज्वलित करके मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया।

### पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद जयंती और पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय सचिव धीरज कुमार पांडे, प्राचार्य रणसुमन सिंह व पूर्व छात्र परिषद शैलबाला कुमारी, कुमार गौरव, प्रदीप महतो एवं पूर्व छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया।

स्पीड न्यूज

### अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा हुयी रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह की देशभक्ति से परिपूर्ण भोजपुरी फिल्म 'अक्षरा' रिलीज हो गयी है। फिल्म अक्षरा को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फौजी तथा शिक्षिका के फर्ज और जिम्मेदारी पर आधारित फिल्म 'अक्षरा' में केंद्रीय भूमिका में जहां शिक्षिका के रूप में अक्षरा सिंह साक्षरता अभियान को बढ़ावा देती है।

### सुकमा में 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों को शनिवार को उस समय गहरा झटका लगा जब 46 लाख रुपये की इनामी में दो महिला समेत नौ हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।
पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर आठ-आठ और चार नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों पर कुल 46 लाख का इनाम घोषित था।

### आप विधायक गोगी की गोली लगने से मौत

**लुधियाना ।** पंजाब में सत्तारूढ़ आप के लुधियाना (पश्चिम) से विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी (58) की शुक्रवार देर रात उनके आवास पर रहस्यमय परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनके सिर में गोली लगी थी। उन्हें डीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### हवाई हमले से गाजा में 22 लोगों की मौत

**गाजा।** इजरायली हवाई हमलों में शुक्रवार को एक पत्रकार सहित कम से कम 22 फिलिस्तीनियों की जान चली गई। ईंधन की कमी से जूझ रहे गाजा में संचार ब्लैकआउट होने का खतरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा शहर के शुजैय्या पड़ोस में लोगों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में आठ लोगों की मौत और कई लोगों के घायल हो गये।

# महाकुंभ में कल्पवास करेंगी एप्पल के सह-संस्थापक की पत्नी पॉवेल

## दुनिया की सबसे धनी महिला ने बाबा बिशवनाथ से लिया आशीर्वाद

एजेंसी

वाराणसी। दुनिया की सबसे धनी महिलाओं में से एक एप्पल के सह-संस्थापक दिवंगत स्टीव जॉब्स की पत्नी लारेन पॉवेल जॉब्स आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति की खोज में भारत यात्रा पर हैं। वह प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में पवित्र डुबकी लगाकर सनातन परंपराओं का अनुभव करेंगी। इसके साथ ही, पॉवेल महाकुंभ में साधुओं और संतों की संगति में समय बिताते हुए भारतीय संस्कृति को नजदीक से समझने की कोशिश करेंगी।

गंगा आरती में हुई शामिल : 61 वर्षीय लारेन पॉवेल भारत आने के बाद सबसे पहले काशी पहुंचीं। यहां वह कैंटोनमेंट क्षेत्र के एक



होटल में ठहरीं और काशी के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। शनिवार को उन्होंने गंगा में नौकायन किया, बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए, और काशी की विश्व प्रसिद्ध सायंकालीन गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा महाकुंभ 45 दिनों तक चलेगा, यहां पॉवेल लगभग 10 दिनों तक कल्पवास करेंगी। इस दौरान वह श्रीनिरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में ठहरेंगी। आध्यात्मिक गुरु कैलाशानंद जी महाराज ने बताया कि पॉवेल महाकुंभ में अपने गुरु से मिलने आ रही हैं। यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है और वह साधना, ध्यान, और तप के माध्यम से आत्मिक शांति और ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा रखती हैं। स्टीव जॉब्स और भारत के बीच का आध्यात्मिक रिश्ता गहराई से जुड़ा हुआ है। स्टीव जॉब्स को बचपन से ही भारतीय दर्शन और अध्यात्म में गहरी रुचि थी। 1970 के दशक में, जॉब्स नैनीताल के कैंची धाम गए थे, जहां बाबा नीम करौली के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा थी। अपने जीवन में उन्होंने भारतीय संतों और साधुओं से प्रेरणा ली। स्टीव जॉब्स की तरह उनकी पत्नी लारेन पॉवेल भी हिंदू और बौद्ध धर्म से प्रभावित हैं और इन परंपराओं को समझने के लिए गहराई से प्रयासरत हैं। महाकुंभ में पॉवेल का कार्यक्रम बेहद खास होगा। वह संगम में स्नान, साधुओं के सान्निध्य में ध्यान, और पूजन में हिस्सा लेंगी। कैलाशानंद जी ने कहा कि पॉवेल का यह निजी कार्यक्रम है, जहां वह आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ज्ञान की तलाश में आई हैं।

▸▸ स्टीव जॉब्स और भारत के बीच का आध्यात्मिक संबंध गहराई से जुड़ा हुआ है

### नाम मिला कमला और गोत्र में दी गयी जगह

स्वामी कैलाशानंद जी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पॉवेल का नया नाम 'कमला' रखा गया है। उन्हें बेटी की तरह अपनाया गया है और उनके लिए गोत्र भी निर्धारित किया गया है। स्वामी जी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि वह हमारी परंपराओं और संस्कृति के बारे में जानने की उत्सुकता रखती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पॉवेल संभवतः अखाड़े की पेशवाई (शाही स्नान से पहले होने वाला भव्य जुलूस) में भी शामिल हो सकती हैं।

### मोदी आज 3 हजार युवा नेताओं से करेंगे संवाद

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में भाग लेंगे और देशभर से आए तीन हजार सक्रिय युवा नेताओं से बातचीत करेंगे। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पोस्ट किया कि भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि। 12 जनवरी, एक बहुत ही खास दिन है क्योंकि यह स्वामी विवेकानंद की जयंती है।मैं पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में बिताऊंगा। बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

# लॉस एंजिल्स में आग का तांडव जारी, 12000 से इमारतें स्वाहा

## मृतकों की संख्या हुयी 11, हजारों लोग हुये पलायन

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में जंगल की आग ने एक बड़े इलाके को तबाह कर दिया है, जिससे हजारों लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि इस बीच 11 लोगों ने जान गंवा दी। वहीं, आग से 12 हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट हो गए। आग ने 58 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र को जला दिया है। इसके अलावा, जोखिम अभी बना हुआ है, क्योंकि शनिवार रात को फिर से हवाएं तेज होने का अनुमान है, जो आग को भड़का सकती हैं। रविवार को भी हवाओं के तेज होने का पूर्वानुमान है। पैलिसेड्स में सबसे बड़े इलाके में फैली आग शुक्रवार रात को भी धधकती रही। उत्तरी लॉस एंजिल्स काउंटी में अल्टाडेना के ऊपर ईटन



इलाके की आग के कारण कम से छह लोगों की जान चली गई। आग ने 21 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र को जला दिया है, जिससे विनाश के भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स के एनकिनो और ब्रेंटवुड क्षेत्रों के लिए और ज्यादा निकासी आदेश और चेतावनियां साझा की हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा अब भी लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटियों में बुधवार तक आग लगने के गंभीर खतरे की चेतावनी दे रही है। फायरफाइटर्स आग पर पूरी तरह से काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मचारियों ने लॉस एंजिल्स में घातक आग को बुझाने के दिनभर के प्रयासों में कुछ प्रगति की सूचना दी है, लेकिन अब भी निकासी के आदेश के तहत 100,000 से ज्यादा निवासी हैं। कोस्टल पैलिसेड्स की आग पर कम से कम आठ फीसदी काबू पा लिया गया है लेकिन यह मेंडविल कैन्यन क्षेत्र में पूर्व की ओर बढ़ रही है।

**पोप फ्रांसिस ने जताया शोक :** पोप फ्रांसिस ने कहा कि वह लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग से हुई जान-माल की हानि और व्यापक विनाश से दुखी हैं और प्रभावित लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने शुक्रवार देर रात छात्रों से संभावित निकासी के लिए तैयार रहने को कहा क्योंकि पैलिसेड्स की आग के कारण निकासी चेतावनियां परिसर के करीब बढ़ा दी गई थीं।

### अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर देख रही है देश-दुनिया : योगी



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता एवं संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान एवं उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# विकसित भारत यात्रा के साथ जुड़ें युवा : राजनाथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं से अपनी क्षमता और आकांक्षाओं को 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा के साथ जोड़ने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में देश के युवा उत्साही मस्तिष्क निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपने, प्रतिबद्धता और सोच भारत को दुनिया में नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की ताकत उसके युवा मस्तिष्क के ज्ञान, कौशल और दृढ़ संकल्प में निहित होती है। रक्षा मंत्री ने हर युग के अपने नायक होते हैं कहावत का हवाला देते हुए युवाओं को देश के भविष्य का नायक बताया।

▸▸ भारत को दुनिया में नयी पहचान दिलायेगी युवाओं के सपने और प्रतिबद्धता



उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों से कहा कि युवाओं की सबसे बड़ी ताकत उनका आशावाद है, जो उन्हें हर कठिनाई में अवसर देखने की शक्ति प्रदान करता है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर देश के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जब भारत बोलता है, तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत ने मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है, जो अपनी धरती पर अत्याधुनिक रक्षा उपकरण बना रहा है।

# कोलंबिया में विमान क्रैश, 10 लोगों की मौत

**बोगोटा ।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह विमान पैसिफिका ट्रैवल द्वारा संचालित किया जा रहा था। विमान बुधवार को जुराडो से मेडेलिन के लिए उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। विमान का मलबा एंटिओक्विया विभाग के उराओ नगरपालिका के एक दूरदराज के इलाके में मिला। विमान में चालक दल के दो सदस्य और आठ यात्री सवार थे। एंटिओक्विया के जोखिम प्रबंधन विभाग के निदेशक कार्लोस रियोस पुएर्ता ने कहा कि इस हादसे में दुर्भाग्यवश, कोई भी जीवित नहीं बचा। शवों की बरामदगी के लिए 37 कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण इस कार्य में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को जमीन पर किया जा रहा है क्योंकि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टरों की मदद नहीं मिल पा रही है।

Meditrina HOSPITALS

हर बीमारी का इलाज @
मेडिट्रिना अस्पताल, जमशेदपुर

किडनी रोग
हृदय रोग
छाती के रोग

क्योंकि
1. यहाँ हार्ट की बीमारी का सबसे किफायती व सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध है।
2. यहाँ 100% Blockage, Multiple Blockage की Angioplasty की जाती है जिसे सब जगह बायपास के लिए बोला गया है या Angioplasty के लिए मना किया गया है। *मामले की जटिलता के अधीन।
3. इन 9 सालों में 15,000 से ज्यादा Cardiac Procedures जिसमें Angioplasty, CRT-D Pacemaker ICD इत्यादि शामिल हैं सफलतापूर्वक किया गया है।
4. पिछले वर्ष झारखंड में सबसे ज्यादा Angioplasty व अन्य Cardiac Procedures मेडीट्रिना अस्पताल जमशेदपुर में हुई थी।
5. यहाँ 24x7x365 Emergency Angioplasty, Pacemaker व सर्वोत्तम ICU Care उपलब्ध है।
6. यहाँ 24x7x365 हर प्रकार की Cardiac Emergency से Deal किया जाता है।
7. नेफ्रो आपातस्थितियाँ 24 घंटा Deal की जाती है।
8. हीमोडायलिसिस सुविधा।
9. मधुमेह किडनी रोग (व्यापक देखभाल)
10. किडनी बायोप्सी और ग्लोमेरुलर रोगों का प्रबंधन।

*Subject to the complexity of the case.

"नेफ्रोलॉजी (किडनी) और GENERAL MEDICINE प्रत्येक दिन FREE OPD"

नये सदस्य

Dr Vikki Kumar Shrivastava
MBBS, DNB (General Medicine)
GENERAL MEDICINE

Dr. Soumyajit Mukherjee
MBBS, MD (General Medicine), DM Nephrology
NEPHROLOGY

EVENING OPD
सोमवार - शनिवार
4.00 PM - 9.00 PM

हमारी विश्वसनीय टीम
Dr. Partho P Chowdury, Cardiology
Dr. Kriti, Critical Care


विजिटिंग कंसल्टेंट
Dr. B S Rao, General Medicine
Dr. T K Mohanty, Pulmonology
Dr. Sateesh Kumar Prasad, General Medicine
Dr. Arnab Roy, General Medicine

अन्य सुविधाएँ ◆ आंतरिक चिकित्सा ◆ छाती चिकित्सा ◆ इंटेंसिविस्ट देखभाल के साथ अत्याधुनिक आईसीयू
Angiography, Angioplasty, Pacemaker के लिए Free Second Opinion के लिए
Whatsapp अथवा Phone No. 7808020202 पर सम्पर्क करें।

Adityapur, Jamshedpur
C2, 11, Bind Basti, Adityapur, Jamshedpur
Jharkhand - 831013
For Appointment Call :
9534343434, 0657-6688888

कोल्लम । तिरुवनंतपुरम । जमशेदपुर । हरियाणा । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । मालदीव

### प्रधानमंत्री कल जेड-मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को को श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना, बहुप्रतीक्षित जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के लिए जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि मैं सुरंग के उद्घाटन के लिए जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग की अपनी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। पीएमओ के अनुसार लगभग 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग सुरंग परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह परियोजना भूस्खलन और हिमस्खलन मार्गों को दरकिनार करते हुए लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगी। यह सोनमर्ग को साल भर घूमने लायक जगह में बदलकर पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

NATIONAL HEALTH MISSION

मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
• दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
• बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोत्तरी।
• रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
• रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
• दिन के समय आँखें चौंधियाना
• दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
• चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार
• मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
• इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
• मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
• मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
• चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
• अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
• रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
• धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

PRNO 343759(Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25

104
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108